तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 18 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-081 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

संक्षेप

कौशल्या धाम में जल्द बदलेगी भगवान राम की प्रतिमा

रायपुर,18 जून। प्रभु श्रीराम के ननिहाल चंदखुरी स्थित कौशल्या माता धाम में जल्द भगवान राम की 51 फीट की नई प्रतिमा लगेगी. भगवान राम की प्रतिमा एक हफ्ते में ग्वालियर से छत्तीसगढ़ आ जाएगी. यह प्रतिमा सैंड स्टोन से बनी है, जो 3 फेस में तैयार हुई है. चंदखुरी में लगने वाली भगवार राम की भव्य प्रतिमा को ग्वालियर के मूर्तिकार दीपक विश्वकर्मा अंतिम रूप दे रहे हैं. उन्होंने बताया कि पिछले दिनों पेमेंट नहीं होने के चलते काम को रोक दिया गया था. अब प्रतिमा का काम अंतिम चरणों में है. जल्द इस प्रतिमा को छत्तीसगढ़ पहुंचा दी जाएगी. छत्तीसगढ़ में चंदखुरी को भगवान श्री राम का ननिहाल कहा जाता है. यहां कौशल्या माता का एक प्राचीन मंदिर है, जिसे 10वीं शताब्दी में बनाया गया था. कौशल्या माता मंदिर में मौजूद माता की प्रतिमा भी अद्भुत है. यहां माता कौशल्या श्रीराम को गोद में लिए हुए हैं. यह पूरे देश में कौशल्या माता का इकलौता मंदिर है. यह मंदिर तालाब के बीचों बीच बना हुआ है और आसपास जहां तक देखें वहां खूबसूरत दृश्य ही दिखाई देता है

रायपुर में 386 पुलिस आरक्षकों का ट्रांसफर

रायपुर,18 जून। राजधानी रायपुर में पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 386 प्रधान आरक्षकों और आरक्षकों का तबादला किया गया है. यह ट्रांसफर लंबे समय से एक ही थाने में तैनात पुलिस कर्मियों को अन्य थानों में स्थानांतरित करने के उद्देश्य से की गई है. सभी तबादले रायपुर जिले के विभिन्न थानों के भीतर ही किए गए हैं. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि यह कदम प्रशासनिक आवश्यकताओं और बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जरूरी था.

हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

हैदराबाद,18 जून। हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एयरपोर्ट प्रशासन को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट ऑपरेशन शुरू कर दिया। बेगमपेट डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के अनुसार, खतरे की सूचना सुबह ही मिल गई थी। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को तैनात किया गया और हवाई अड्डे तथा उसके आसपास के परिसर में गहन जांच की गई। कोच्चि से ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचने के वाद दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान में बम की धमकी के बाद मंगलवार को नागापुर में आपातकालीन लैंडिंग करायी गयी। यह विमान मस्कट से कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचा था और वहां से सुबह 9.31 बजे दिल्ली के लिए घरेलू उड़ान के रूप में रवाना हुआ था। कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल आईडी पर इंडिगो की उड़ान में बम की धमकी मिली थी।

प्रदेश में सोलर रूफटॉप संयत्र लगाना हुआ सस्ता

सीएम साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले

रायपुर,18 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई. मानसून सत्र से पहले हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई. इसके बाद विभिन्न प्रस्तावों पर मुहर लगी है.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत घर की छतों में सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना में राज्य शासन द्वारा उपभोक्ताओं को वित्तीय सहायता दिए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के माध्यम से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ-साथ राज्य की ओर से अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी, जो सोलर प्लांट की क्षमता (1 किलोवाट, 2 किलोवाट, 3 किलोवाट और उससे अधिक) के आधार पर अलग-अलग होगी। उदाहरण के लिए, 1 किलोवाट प्लांट के लिए कुल 45,000 रूपए, (30,000 रूपए केंद्रीय और 15,000 रूपए राज्य सहायता) जबकि 3 किलोवाट या उससे अधिक के प्लांट के लिए 1,08,000 रूपए (78,000 रूपए केंद्रीय और 30,000 रूपए राज्य सहायता) की मदद मिलेगी। हाउसिंग सोसाइटी/रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के लिए भी इसी तरह की सहायता प्रस्तावित की गई है।

सीएसपीडीसीएल इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी होगी और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार इसे लागू करेगी। कंपनी इस योजना के संचालन के लिए एक अलग बैंक खाता खोलेगी, जिसमें सब्सिडी की राशि रखी जाएगी और उसका हिसाब-किताब किया जाएगा।

राज्य वित्तीय सहायता उन घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से दी जाएगी जिनके सोलर प्लांट का ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद हुआ है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य में गौण खनिजों के सुव्यवस्थित अन्वेषण, पूर्वेक्षण एवं अधोसंरचना के विकास के लिए''स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट'' (एसएमईटी)

के गठन की अधिसूचना के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

टाइगर फाउंडेशन सोसायटी का होगा गठन-मंत्रिपरिषद ने राज्य में वन्यजीव, खासकर बाघों के संरक्षण और ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए ''छत्तीसगढ़ टाइगर फाउंडेशन सोसायटी'' का गठन करने का निर्णय लिया है। यह सोसायटी वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत काम करेगी। मध्य प्रदेश में यह 1996 से संचालित है। इसका मुख्य लक्ष्य छत्तीसगढ़ में लगातार घट रही बाघों की आबादी (फिलहाल लगभग 18-20) को बचाना है। यह संस्था स्व-वित्तपोषित होगी, जिससे सरकारी खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह सहयोग देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं से फंड जुटाएगी।

यह सोसायटी बाघों और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सीधे शामिल होगी। यह स्थानीय समुदाय की भागीदारी से ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देगी, जिससे न केवल पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार और आय के अवसर भी पैदा होंगे। साथ ही, यह पर्यावरणीय शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करेगी, जिससे भविष्य के संरक्षणवादी तैयार होंगे।

हर्बल व महुआ चाय को बढ़ावा - जशपुर जिले में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा हर्बल व महुआ चाय जैसे पारंपरिक उत्पाद 'JashPure' ब्रांड के तहत तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने और विपणन को बढ़ावा देने हेतु इस ब्रांड को राज्य शासन अथवा सीएसआईडीसी को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव का मंत्री परिषद ने अनुमोदन किया है।

शहीदों के परिजनों को किसी भी विभाग में दी जा सकेगी अनुकम्पा नियुक्ति

मंत्रिपरिषद द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को ध्यान में रखते हुए अनुकम्पा नियुक्ति हेतु जारी एकजाई पुनरीक्षित निर्देश-2013 की कंडिका 13 (3) में संशोधन करते हुए निर्णय लिया है कि - नक्सली हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के प्रकरण में उनके परिवार के किसी भी पात्र सदस्य (महिला या पुरूष) को विकल्प के आधार पर पुलिस विभाग के अलावा, किसी अन्य विभाग में, राज्य के किसी भी जिला, संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति दी जा सकेगी। पहले अनुकम्पा नियुक्ति यथासंभव उसी विभाग या कार्यालय में देने की व्यवस्था थी, जिसमें दिवंगत शासकीय सेवक निधन के पूर्व कार्यरत था।

पूर्व में सरकारी शिक्षक रहे नक्सली ने पत्नी के साथ किया आत्मसमर्पण

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी। जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। यहां नक्सल डिविजनल कमेटी सदस्य जीवन और उसकी पत्नी एरिया कमेटी सदस्य अगाशा

ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। यह दंपत्ति करीब दो दशकों से माओवादी संगठन में सक्रिय था। जीवन, जो पहले परवीडीह गांव के सरकारी स्कूल में शिक्षाकर्मी के रूप में कार्यरत था, वर्ष 2000 के आसपास नौकरी छोड़कर माओवादियों से जुड़ गया। आश्चर्यजनक रूप से, उसने नक्सली संगठन में भी शिक्षक की भूमिका निभाई, जहां वह उत्तर ब्यूरो की मोबाइल पॉलिटिकल स्कूल टीम का हिस्सा बना और नक्सली कैडरों को वैचारिक प्रशिक्षण देने लगा। उसकी पत्नी अगाशा, मानपुर क्षेत्र की निवासी है, जो नक्सल संगठन की सीएनएम एरिया कमेटी की सदस्य रही है।

मारडेपल्ली के जंगल में नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़

माओवादी नेता उदय और चलपति की पत्नी अरुणा ढेर

जगदलपुर,18 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के सुकमा से लगे आंध्रप्रदेश के मारडेपल्ली के जंगल में नक्सलियों और ग्रेहाउंड्स फोर्स के बीच मुठभेड़ हुई है. एंटी नक्सल ऑपरेशन में जवानों ने बड़े नक्सली लीडरों को ढेर कर बड़ी सफलता हासिल की है. दावा किया जा रहा है कि नक्सली कमांडर गाजरला उर्फ़ उदय और गरियाबंद में मारे गए खूंखार नक्सली चलपति की पत्नी वीआरएल चैतन्य उर्फ अरुणा को ढेर कर दिया गया है. इस अभियान में अबतक 2-3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. इलाके में अभी भी मुठभेड़ जारी है. पुलिस अधीक्षक अमित बरदार ने इसकी पुष्टि की है. जानकारी के मुताबिक, किंतुपुरु फॉरेस्ट क्षेत्र में तड़के सुबह से नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हो रही है. दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है. इस मुठभेड़ में जवानों ने तीन शीर्ष नक्सली कमांडर गिराए हैं. मौके से हथियार भी बरामद हुआ है. मुठभेड़ में गजराला और अरुणा के मारे जाने का दावा है. गजराला रवि ने 2004-05 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के कार्यकाल के दौरान राज्य सरकार से शांति वार्ता में शामिल हुआ था. जबकि वे पीपुल्स वार ग्रुप का हिस्सा थे. वहीं अरुणा आंध्र प्रदेश ज़ोनल कमेटी की सदस्य थी. ग्रेहाउंड फोर्स की कार्रवाई पर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि यह संख्यात्मक विषय है, एक बार और स्पष्ट होने दिया जाए.

बड़े नक्सली लीडर ढेर

पुलिस का दावा है कि सुरक्षा बलों ने मारेडुमिल्ली और रामपचोदावरम के बीच स्थित किंतुकुरु गांव के पास 16 माओवादियों को ढेर कर दिया गया है. लगभग 25 मिनट तक चली गोलीबारी के बाद तीन शव बरामद हुए, जिनकी पहचान उदय, अरुणा और अंजू के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि मौके से एके-47 राइफलें और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं. अभी भी क्षेत्र में तलाश अभियान जारी है.

नक्सलियों ने 3 ग्रामीणों की हत्या की,अगवा 12 ग्रामीण लौटे

बीजापुर. छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने मंगलवार को तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया. वारदात को अंजाम देकर 12 ग्रामीणों का अपहरण कर लिया और उन्हें जंगल लेकर आ गए. नक्सलियों ने अब उन सभी लोगों को रिहा कर दिया है. सभी सकुशल अपने घर लौट गए हैं. हत्या और अपहरण की घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने आज तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी. इसके बाद उन्होंने गांव के 12 लोगों का अपहरण किया और उन्हें जंगल लेकर आए. बताया जा रहा है कि करीब 7 लोगों के साथ मारपीट की गई. हालांकि अब सभी ग्रामीण सुरक्षित गांव पहुंच गए हैं. नक्सलियों ने 12 ग्रामीणों का अपहरण करने से पहले तीन ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया था. हत्या की वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है.

फास्टैग पर नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान!

नई दिल्ली,18 जून। लंबे समय से इस बात की चर्चा हो रही थी कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देश भर में एक नई टोल नीति

लाने की योजना बना रहा है. जिसके तहत देश भर में टोल प्लाजाओं पर यात्रा को सुलभ बनाने के लिए कई नई सुविधाएं दी जाएंगी. इस बीच केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी अटकलों को खत्म करते हुए आज सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' के जरिए फास्टैग एनुअल पास को जारी करने का ऐलान किया है. तो आइये जानें कब और कैसे ये पास जारी होगा और इसे प्राप्त करने के लिए यूजर्स को क्या करना होगा.

नितिन गडकरी ने आज सोशल मीडिया के जरिए देश भर में वार्षिक फास्टैग पास को जारी करने की घोषणा की है. इस एनुअल पास के लिए यूजर्स को साल भर में केवल एक बार 3,000 रुपये की रकम खर्च करनी होगी. जिसके बाद ये पास यूजर को जारी कर दिया जाएगा. सरकार का कहना है कि, ये पास एक्टिव होने के बाद 1 साल या 200 यात्राओं (इसमें से जो भी पहले आए) तक के लिए वैलिड रहेगा. यानी यदि समय के पहले 200 ट्रिप्स पूरे हो जाते हैं तो यूजर्स को एक बार फिर से पास रिन्यू करना होगा. नितिन गडकरी ने अपने पोस्ट में कहा कि, "एक ऐतिहासिक पहल के तहत, आगामी 15 अगस्त 2025 से 3,000 रुपये की कीमत वाला FASTag बेस्ड वार्षिक पास शुरू किया जा है. यह पास एक्टिव होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैलिड रहेगा.

मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा की सुगबुगाहट

भाजपा संगठन के आला पदाधिकारियों की मौजूदगी में हो रही इस बैठक में तीन मंत्रियों के खाली पदों पर भी चर्चा होने की खबर है। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में सभी भाजपा विधायकों को बुलाया गया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संगठन के पदाधिकारियों ने नये मंत्रियों की नियुक्ति को लेकर विधायकों की राय जानी। खबर है कि कुछ पूर्व मंत्री भी पूरा जोर लगाए हुए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद जो नाम प्रमुख रूप से सामने आएंगे उनकी जानकारी राष्ट्रीय नेताओं को दी जाएगी.

संगठन के बड़े नेता कर रहे कार्यों की समीक्षा

राजधानी में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक

रायपुर,18 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पार्टी ने समीक्षा बैठक आयोजित की है बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण सिहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अलावा मंत्री व विधायक हिस्सा ले रहे हैं। बैठक को लेकर के बीजेपी की तरफ से जारी किए गए पत्र में इस बात की जानकारी दी गई है कि पहले विधायक दल की बैठक होगी. इसके बाद पार्टी की आंतरिक रणनीति को लेकर चर्चा की जाएगी. विधायक दल की बैठक में चल रही योजनाओं की समीक्षा की जाएगी. सरकार जो भी विकास योजनाएं चल रही है वह लोगों तक पहुंचे इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को ज्यादा सजग होकर काम करना है. इस पर रणनीति तैयार होगी. साथ ही पार्टी जिस तरीके के अभियान को पूरे प्रदेश में चला रही है उसे और कैसे गति दिया जाए इस पर भी रणनीति तैयार होगी.

ईरान के मिसाइल हमलों से थका इजरायल का रक्षा कवच

तेहरान,18 जून। ईरान के साथ जारी भीषण मिसाइल युद्ध में इजरायल भले ही ईरान के सैन्य ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा कर रहा हो, लेकिन उसकी मिसाइल रक्षात्मक प्रणाली पर जबरदस्त दबाव बन गया है। अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों के हवाले से वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि इजरायल के लॉन्ग-रेंज मिसाइल इंटरसेप्टर्स की आपूर्ति तेजी से खत्म हो रही है, जिससे उसकी रक्षा क्षमताओं की स्थिरता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ईरान ने पिछले शुक्रवार से अब तक इजरायल पर करीब 400 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। वहीं, इजरायल के पास लगभग 10–12 दिन का ही इंटरसेप्टर स्टॉक बचा है। यदि हमले इसी गति से जारी रहे तो इजरायल की मुश्किलें बढ़

सकती हैं। आपको बता दें कि सिर्फ Arrow सिस्टम का एक इंटरसेप्टर लगभग 25 करोड़ रुपये का पड़ता है। इजरायली अखबार The Marker ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि रातभर के मिसाइल रक्षा पर 1 अरब शेकेल यानी कि 2380 करोड़ रुपये तक खर्च हो रहा है। "ऑपरेशन राइजिंग लायन" की शुरुआत के बाद से इजरायल ने ईरान पर कई हवाई हमले किए। सैन्य, परमाणु और संबंधित ठिकानों को निशाना बनाया गया। WSJ के अनुसार, इजरायल ने ईरान के तीन में से एक मिसाइल लॉन्चर को तबाह कर दिया है। हालांकि, ईरान की 2000 मिसाइलों में से आधे से अधिक अब भी उसके पास मौजूद हैं। उनमें से कई गुप्त भूमिगत ठिकानों में छिपी होने की आशंका है। एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया कि सिस्टम पहले ही थक चुका है। जल्द ही इजरायल को यह तय करना पड़ सकता है कि कौन सी मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया जाए और किन्हें नहीं। इजरायल के लिए अब सबसे महंगे और एडवांस्ड डिफेंस शील्ड को बचाए रखने की चुनौती गंभीर होती जा रही है। ऐसे में यदि अमेरिका से जल्द इंटरसेप्टर की आपूर्ति या प्रत्यक्ष सैन्य मदद नहीं मिलती है तो इजरायल की रक्षा प्रणाली अगले कुछ दिनों में चरमरा सकती है।

भारत-फ्रांस मिलकर पृथ्वी की बेहतरी के लिए काम करते रहेंगे : पीएम मोदी

कनानास्किस । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत करके खुशी जताई। भारत और फ्रांस के बीच मजबूत संबंधों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, "मेरे मित्र, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत और विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करना, हमेशा खुशी की बात होती है। भारत और फ्रांस हमारी पृथ्वी की बेहतरी के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।" इस साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मैक्रों ने 12 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि इस दुख की घड़ी में फ्रांस, भारत और उसके लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस अपने सहयोगियों के साथ खड़ा रहेगा। जहां भी जरूरत होगी, फ्रांस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर पोस्ट किया था, "मैंने मंगलवार को हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के बारे में पीएम नरेंद्र मोदी से बात की है।

एक नजर

राममंदिर तालाब का सौंदर्यीकरण तेज

जामुल,18 जून। नगर पालिका जामुल में विकास कार्य धरातल में मुर्तरूप तेजी से ले रहा है । अनेकों वार्ड में बड़े बड़े कार्य प्रगति पर है । जामुल में वार्ड क्र. 05 राम मंदिर तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है । जिसका निरीक्षण नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया । नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने जानकारी दिया कि वार्ड क्रं. 05 राम मंदिर का तालाब हमारे जामुल के कई वार्डो के लिए काफी महत्वपूर्ण है । वार्ड के पार्षद एवं आम जनता के मांग के अनुरूप राम मंदिर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य एक करोड़ तीस लाख रूपये के लागत से हो रहा है । इस तालाब में निस्तारी के साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम होता है। लगभग सात वार्डो के निवासियों के लिए यह एक मात्र तालाब है । जिसमें सभी वर्ग के लोग अपने आवश्यकतानुसार सभी कार्य सम्पन्न कराते है । बहुत पहले से यह आवश्यकता महसुस किया गया कि इस राम मंदिर तालाब को सर्व सुविधा युक्त बनाया जाये । उसी के अनुरूप मेरे परिषद के सभी सम्मानीय पार्षद गणों की सहमति से स्वीकृति प्रदान किया गया था और यह विकास कार्य का निर्माण तेजी से चल रहा है जिसका सीधा लाभ हमारे जामुल पालिका के सभी लोगों से मिलेगा निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद दीपक गुप्ता, पी.आई.सी. प्रभारीगण रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, उप अभियंता सचिन भागवत उपस्थित थे।

अमानत में ख्यानत,दो गिरफ्तार

भिलाई, 18 जून। भिलाई वायर रॉड माल लेकर पैसे न देकर व्यापारिक लेनदेन में 63 लाख 74 हजार 640 रुपए के अमानत में खयानत करने वाले पुराने मामले में खुर्सीपार थाने पुलिस ने नृदेव वायर वर्ल्ड प्राईवेट लिमिटेड भीलवाडा (राजस्थान) कंपनी के दो डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया है छावनी सीएसपी सत्यप्रकाश हरीश पाटिल ने बताया कि 21 जून 2024 को प्रार्थी नीरज कुमार निवासी मिलन चौक न्यु खुर्सीपार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नृदेव वायर वर्ल्ड प्राईवेट लिमिटेड भीलवाड़ा राजस्थान कंपनी के डायरेक्टरों ने प्रार्थी से वायर रॉड माल लेकर पैसे न देकर व्यापारिक लेनदेन में 63,74,640 रुपए छलपूर्वक धोखाधड़ी की है इस मामले में खुर्सीपार थाने पुलिस ने धारा 420, 409, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान खुर्सीपार टीआई वंदिता पनिकर एक विशेष टीम तैयार की टीम आरोपियों की तलाश के लिए राजस्थान (भीलवाडा) रवाना हुई टावर लोकेशन के आधार पर आरोपियों ऋषिराज शर्मा (25 साल) निवासी भीलवाडा राजस्थान व अबुंल महावर (31 साल) अजमेर (राजस्थान) का लोकेशन राजस्थान के जिला चितौड के निम्बाहेडा नगर में पाये जाने पर नृदेव वायर वर्ल्ड प्राइवेट लिमि भीलवाडा राजस्थान कंपनी के आरोपी डायरेक्टरों को पकड़कर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया ।

दुकान में चोरी,दो पकड़ाए

भिलाई, 18 जून। भिलाई अमलेश्वर थाना क्षेत्र के मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है अमलेश्वर प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि अमलेश्वर खुडमुड़ा रोड़ स्थित जयश्री मोबाईल दुकान में अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही अमलेश्वर व एसीसीयू टीम आरोपी की तलाश में लगी रही सीसीटीवी फुटेज को खंगाला पर मुखबिर ने जानकारी दी कि चिरपिरा भाठागांव टाइल्स मजदूर प्रेम साहू संदिग्ध लग रहा है पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि रात में मोबाईल दुकान का ताला सरिया से तोड़कर शटर खोलकर चोरी करना स्वीकार किया। सीसीटीवी कैमरा में फोटो ना आए इसलिए आरोपी ने कैमरा के सामने साईन बोर्ड रख दिया था आरोपी की निशादेही पर 14 मोबईल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया है। जिसकी कीमत 2.70 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों से राड़ सरिया व एक्टिवा वाहन भी जप्त की गई है पुलिस ने मोबाईल खरीदने वाला खिलेश साहू को भी पकड़ा है ।

बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूली वाहनों की जांच की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 17 जून । स्कूली बच्चों के परिवहन में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला कबीरधाम में स्कूली वाहनों की व्यापक जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान छत्तीसगढ़ मोटर यान नियम 1994 के नियम 76 (ख) के तहत परमिट शर्तों, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों तथा सुरक्षा मापदंडों के अनुरूप संचालित किया गया।यह संयुक्त जांच शिविर कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में 14 जून एवं 17 जून को पीजी कॉलेज मैदान, कवर्धा में आयोजित किया गया, जिसमें परिवहन विभाग, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सहभागिता दी। इस दौरान स्कूली वाहनों की तकनीकी और दस्तावेजीय जांच की गई तथा वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चों के जीवन की जिम्मेदारी उठा रहे चालक पूरी तरह सक्षम एवं सजग हों। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि अब तक कुल 110 स्कूल बसों की जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान कुछ वाहनों में दस्तावेजों की कमी, फिटनेस में गड़बड़ी एवं अन्य तकनीकी खामियां पाई गईं, जिन्हें वाहन स्वामियों को अवगत कराते हुए शीघ्र सुधार कर दोबारा जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं 03 वाहन पूरी तरह से अनफिट पाए गए, जिनका संचालन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।जो स्कूल वाहन इस संयुक्त जांच में अनुपस्थित रहे हैं, उन्हें 20 जून 2025 को पुनः निर्धारित तिथि पर जांच के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया है। श्री साहू ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य जांच नहीं कराई गई, तो संबंधित वाहन मालिकों एवं संस्थानों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।परिवहन विभाग द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने वाहनों को सभी सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित करें एवं बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। यह सुनिश्चित भी किया जा रहा है कि जिले में किसी भी स्कूली वाहन का संचालन बिना पूर्ण जांच और अनुमोदन के न किया जाए।

बच्चों और युवाओं में नशा करने की बढ़ती आदत चिंताजनकः प्रताप चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 17 जून । सुबह सुबह बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी ने कहा की कबीरधाम जिले में बच्चों और युवाओं में बीडी , सिगरेट पीने और युवाओं में गुटखा खाने और शराब पीने की आदत गांवों और शहरों में लगातार बढ़ रही है जो की चिंताजनक है । नशा मुक्ति अभियान जैसे कार्यक्रम स्कूल , कालेज और पंचायत में करना चाहिए जिससे बच्चे बीडी पीने ,गुटखा खाने की आदत से दूर हो । सभी जनप्रतिनिधियों , समाजसेवी संस्थाओं को भी नशा मुक्त अभियान पर ध्यान देना चाहिए जिससे की बच्चों ओर युवाओं को कैंसर नहीं होगा ।

पुलिस ने अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 17 जून । जिले में कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आम नागरिकों में सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने हेतु पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री अभिषेक शांडिल्य (भा पु से) के मार्गदर्शन में प्रभारी पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 18 जून को विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा एसडीओपी कृष्णा चंद्राकर के कुशल पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

प्रातःकाल कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अटल आवास, घुघरी रोड में पुलिस, नगर पालिका और डीआरजी की संयुक्त टीम ने सुनियोजित तरीके से दबिश देकर क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों व संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध सघन कार्यवाही की। अभियान का नेतृत्व कोतवाली थाना प्रभारी श्री लालजी सिन्हा ने किया। इस दौरान नगरपालिका कवर्धा की टीम भी उपस्थित रही।इस विशेष कार्यवाही के दौरान पुलिस टीमों ने गुंडा बदमाशों, निगरानीशुदा बदमाशों, स्थायी वारंटियों एवं आदतन अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की। क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए चार अलग-अलग टीमों का गठन कर समस्त अटल आवास परिसर में सर्चिंग व सत्यापन कार्यवाही की गई। मौके पर उपस्थित नगर पालिका की टीम ने सभी मकान मालिकों एवं किरायेदारों से दस्तावेज प्रस्तुत कराकर उनका सत्यापन किया। अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिए गए।उल्लेखनीय है कि विगत कुछ सप्ताहों से अटल आवास क्षेत्र में विवाद, झगड़े व असामाजिक गतिविधियों की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जनहित में ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह ठोस और व्यापक कार्यवाही की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को सुरक्षित बनाना, शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास को प्रबल करना रहा। इस दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई एवं कुछ को हिरासत में भी लिया गया है। कार्यवाही के दौरान पुलिस की तत्परता एवं अनुशासित उपस्थिति को देखकर स्थानीय नागरिकों ने संतोष व्यक्त किया तथा पुलिस के प्रयास की सराहना की। नागरिकों ने विश्वास जताया कि इस प्रकार की नियमित कार्यवाहियों से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का प्रभाव कम होगा और सामुदायिक जीवन सुरक्षित बनेगा।

कबीरधाम पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, असामाजिक गतिविधि या आपराधिक घटना की जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल निकटतम थाना अथवा डायल 112 पर सूचित करें। आपकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। जिले में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कबीरधाम पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है एवं इस प्रकार की कार्यवाहियां भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी।

टाउनशिप में आवासों के बैक लेन की चरणबद्ध सफाई का कार्य आरंभ

भिलाई, 18 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिप क्षेत्र में आवासों के बैक लेन की चरणबद्ध सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है। बैक लेन की सफाई सुनिश्चित होने पर इन संरचनाओं की मरम्मत और संचालन में बाधा उत्पन्न नहीं होगी, इसलिए नगर सेवाएं विभाग द्वारा आवश्यकता के अनुसार सभी सेक्टरों एवं ब्लॉकों में यह कार्य क्रमशः संपन्न किया जाएगा। टाउनशिप क्षेत्र के निवासियों द्वारा बैक लेन में कच्चा अथवा पक्का अवैध निर्माण कर लिया गया है, जिससे सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिप वासियों से अपील की गई है।

आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर को कंप्लीट करने दी 30 जून तक मोहलत

रिसाली। मैत्री कुंज वार्ड-22 में निर्माणाधीन कचरा पृथक्करण केन्द्र (एस.एल.आर.एम.) को पूर्ण करने आयुक्त मोनिका वर्मा ने अंतिम मोहलत दी है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को हर हाल में 30 जून तक कार्य पूर्ण करने कहा। आयुक्त मोनिका ने मॉर्निंग विजिट के दौरान पार्षद रमा साहू से चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि कचरा पृथक्करण केन्द्र में रैंप, शौचालय और बिजली का कार्य अधूरा है। निर्माण एजेंसी ने कार्य भी बंद कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कार्य बंद होने की वजह से एस.एल.आर.एम. सेंटर में असमाजिक तत्वों के जमावड़ा होने की शिकायत स्थानीय पार्षद रमा साहू ने आयुक्त से की। मंगल भवन में तोड़ फोड़ होने का खुलासा की। इस पर आयुक्त ने मंगल भवन के पीछे खाली जमीन पर दीवार खड़ी करने और प्रधानमंत्री आवास वाले कैंपस में ऊंचा गेट लगाने निर्देश दीं। इस दौरान सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा, जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने वार्ड 4 रूआबांधा पूर्व का भ्रमण कीं। भ्रमण के दौरान एम.आई.सी. सदस्य व वार्ड पार्षद ममता यादव ने छत्तीसगढ़ सब्जी मार्केट के आस-पास क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा गंदगी फैलाने की जानकारी दी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने व्यापारियों से खुले में कचरा नहीं फेकने की हिदायत दी। साथ ही उन्होंने दोबारा गलती करने पर जनस्वास्थ्य विभाग को जुर्माना वसूलने निर्देश दिए। वार्ड 6 रूआबांधा सेक्टर भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद शीला नारखेड़े ने मैदान में पानी भरने की शिकायत की। स्थल निरीक्षण के बाद आयुक्त ने अधिकारियों को सर्वे कर पानी निकासी करने प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं मंदिर के आस-पास छुटे हुए क्षेत्र

चोरी के कपड़े पहन कर घूम रहा था, पकड़ा गया

भिलाई, 18 जून। नेवई पुलिस ने एक ऐसे नौसिखिया चोर को पकड़ा है जिसने एक रेडिमेड कपड़े की दुकान में 55 हजार रुपए के कपड़ों की चोरी की है। चोर ने एक गलती कर दी कि चोरी के उसी कपड़े को पहनकर घूमने लगा इसके हुलिया का मिलान कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने चोरी के कपड़ों को बरामद कर लिया है भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि केशव राम (64 साल) निवासी मरोदा सेक्टर ने थाना नेवई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 जून की रात 10 बजे उसका लड़का राकेश कुमार चंद्राकर दुकान बंद कर घर आ गया था दूसरे दिन सुबह 11 बजे जब दुकान खोलने गया तो दुकान में रखे विभिन्न कपड़े नहीं थे और छत खुली थी। अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। दुकान में रखे 79 पीस शर्ट, 9 पीस कारगो पैंट, 7 पीस टीशर्ट, 2 पीस थैला, 2 पीस बनियान, 18 पीस जीन्स एवं 02 पीस ट्राउजर गायब थे चोर रात में दुकान की छत को खोलकर अंदर घुसकर करीब 55 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर थाना नेवई में धारा 331 (4),305 ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया 200 सीसीटीवी फुटेज और त्रिनयन ऐप ने खोला राजनेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि इस मामले की विवेचना एवं आरोपी की तलाश के दौरान त्रिनयन ऐप के माध्यम से शहर एवं घटना स्थल में लगे करीब 200 सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की खोजबीन की जा रही थी स्टेशन मरोदा निवासी संदेही करण बिरूली (20 साल) नये जींस व टी शर्ट पहनकर घूम रहा था। उसके हुलिया का मिलान सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे संदेही से होने पर थाना लाकर पूछताछ की गई। आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पहले वह उस कपडे की दुकान में कपड़ा लेने गया थातभी उसने प्लान बनाया कि यदि कपडों को चोरी कर बेचता है तो इसे बहुत पैसा मिल जायेगा। इसके बाद उसने दुकान में चोरी की आरोपी के निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लिया है ।

पीएम मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन

भिलाई, 18 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर जिला प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन सुपेला में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा रहे, दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन,अहिवारा विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा भी उपस्थित रहे साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष सहित सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

कार्टूनिस्ट की उपलब्धि वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज

भिलाई, 18 जून। प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट और भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक बी.वी. पांडुरंगा राव के बनाए 92 कार्टून, 14 त्रिआयामी चित्र, विभिन्न प्रोफाइल, साक्षात्कार और अन्य विभिन्न उपलब्धियों को तुर्की की मासिक अंतर्राष्ट्रीय हास्य पत्रिका फेनामिज़ा में अप्रैल 2012 से अप्रैल 2025 तक प्रकाशित 77 अंकों में प्रकाशित किया है।

वहीं उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और यूनिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने मान्यता देते हुए उन्हें प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए हैं ।

एसआईओ ने लगाया 3 दिसवीय समर कैंप

भिलाई, 18 जून। भारतीय मुस्लिम युवा विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन की ओर से तीन दिवसीय समर इस्लामिक कैंप का सफल आयोजन 13 से 15 जून तक किया गया। शुरुआत पवित्र कलाम पाक की तिलावत से हुई। मुख्य वक्ताओं में मौलाना अब्दुल अज़ीज़, के.वी. मुहम्मद, अमीन आरिफ, अदनान और साजिद अली शामिल रहे, जिन्होंने युवाओं को प्रेरणादायक बातें बताईं। इस कैंप में 12 से 25 वर्ष के लगभग 30-35 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उन्हें इस्लाम के बुनियादी उसूल, कुरआन, सुन्नत, सीरत और इस्लामी अखलाक पर व्याख्यानों और चर्चाओं के ज़रिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही प्रश्नोत्तर सत्र और इंटरएक्टिव एक्टिविटीज़ ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कई प्रतियोगिताएं और खेल गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को इनाम और पुरस्कार प्रदान किए गए।

मोर संगवारी एजेंट घर-घर पहुंच कर रहे सेवा

भिलाई, 18 जून। नगर निगम भिलाई अंतर्गत नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ देने मोर संगवारी सेवा योजना के माध्यम से भिलाई के नागरिक घर बैठे टॉल फ्री नबंर 14545 पर कॉल कर मोर संगवारी के एजेंट से आवश्यकता के अनुरूप प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से लोगों को 27 प्रकार की सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। जैसे विवाह प्रमाण पत्र 2974, मृत्यु प्रमाण पत्र 1580, जन्म प्रमाण पत्र 2492, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमस्ता लाइसेंस 355, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 12966, पैन कार्ड सेवा 271, आधार मोबाईल नबंर अपडेट 13692, मूल निवासी प्रमाण पत्र 1369, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 61, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 284, आय प्रमाण पत्र 3437, एपीएल राशन कार्ड 277, विवाह सुधार 139 इस प्रकार कुल 42586 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है।

शहर में होर्डिंग और पोस्टर की चोरी पर रोक लगाने,महापौर ने दिए निर्देश

दुर्ग, 18 जून। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के चौक चौराहों में लगे बधाई,शुभकामनाएं के लगने के दूसरे दिन होर्डिंग,फ्लैक्स व पोस्टर की लगातार चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की शिकायत को लेकर महापौर श्रीमती अलका बाघमार से की गई।बैठक में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे,देवनारायण चन्द्राकर,शेखर चन्द्राकर, बाजार अधिकारी शुभम गोइर के अलावा अन्य मौजूद रहे।

महिला डाक्टर से ठगी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई, 18 जून। भिलाई महिला डॉक्टर को हॉस्पिटल प्रोजेक्ट में डायरेक्टर का पद देने का झांसा देकर 60 लाख ऐंठने वाले आरोपी को



सुपेला पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने इसी तरह से कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुका है। पुलिस आरोपी के कब्जे से फॉरच्युनर कार एवं मोबाइल बरामद कर लिया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 5 अक्टूबर 2024 को प्रार्थी विनिता गुप्ता ने रिर्पोट दर्ज कराई कि आरोपी सिद्धार्थ गौडा से उसकी जान.पहचान वर्ष 2023 में हुई थी। तब सिद्धार्थ गौडा ने एक नये हास्पिटल प्रोजेक्ट को हैदराबाद में शुरू करने की बात को लेकर विश्वास में लेकर प्रलोभन देकर झूठा वादाकर छलपूर्वक उस हास्पिटल प्रोजेक्ट में डायरेक्टर का पद देने का झांसा देकर 60 लाख रुपए इंवेस्ट करने राजी किया। प्रार्थिया ने हैदराबाद जाकर देखने पर आरोपी ने फर्जी साइट एवं दस्तावेज दिखाकर विश्वास में लिया। प्रार्थिया के अकाउंट से 60 लाख रुपए ट्रांसफर कराकर धोखाधड़ी की। रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी सिद्धार्थ गौडा के विरूद्ध थाना गाचीबावलीए सायबराबाद में धारा 420.460 एवं धारा 420.406 का अपराध पंजीबद्ध हैए जिन मामलों में भी आरोपी सिद्धार्थ गौडा ने इसी प्रकार अपराध कर अन्य लोगों को भी छलपूवर्क ठगा गया है। इसके बाद पुलिस टीम हैदराबादए तेलंगाना रवाना हुआ। जहां आरोपी सिद्धार्थ गौडा 27 वर्ष की तलाश कर आरोपी को पकडा। पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 नग आईफोन मोबाइल एवं एक फॉरच्युनर कार बरामद किया है।

आयुक्त ने किया बायोगैस प्लांट निर्माण का निरीक्षण

भिलाई, 18 जून। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन क्र. 02 वैशाली नगर अंतर्गत डामरीकृत रोड एवं सी.बी.जी. प्लांट निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया । वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड में रोड का नया डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका फाइनल कोटिंग बारिश से पूर्व सूखे मौसम में कराने उप अभियंता को निर्देशित किये, जिससे नागरिकों के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। सुन्दर विहार स्थित खसरा नम्बर 1423 में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार के तहत संपीड़ित बायो गैस प्लांट का निर्माण किया जाना है, निर्माण से पूर्व स्थल का निरीक्षण किया गया। प्लांट में घरो से निकलने वाले गीला कचरा, ठोस अपशिष्ट एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थो के माध्यम से बायो गैस एवं जैविक खाद का उत्पादन किया जायेगा। जिसका उपयोग परिवहन, बिजली उत्पादन, घरेलू ईधन, जैविक खाद इत्यादि कार्यो में किया जायेगा। उक्त स्थल पर कुछ नागरिकों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसे हटाने की कार्यवाही करने जोन आयुक्त येशा लहरे एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया। समीपस्थ स्थित कृष्णकुंज उद्यान निर्मित किया गया है, जिसका निरीक्षण किया गया। उद्यान का फेंसिंग तार कुछ जगहों का टूटा हुआ है, जिसका संधारण कराकर पौधा रोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। वार्ड क्रं. 23 की पार्षद उषा शर्मा एवं वार्ड 22 के पार्षद पति अजय साहू के साथ घासीदास नगर स्थित गुरू घासीदास भवन का निरीक्षण किये, मौके पर पहुंचने पर पता चला कि वहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा लंबे समय से ताला बंद कर भवन को अपने कब्जे में रखा गया था। आयुक्त पाण्डेय की उपस्थिति में पंचनामा कराकर ताला तोड़वाकर भवन को रिक्त कराया गया। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता अर्पित बंजारे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

44 हितग्राहियों को किया गया मकान आबंटन

भिलाई, 18 जून। प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में खुली लाटरी पद्धति से किया गया। मकान आबंटन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, एम.आई.सी. सदस्य साकेत चंद्राकर एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थिति में 44 हितग्राहियों को शामिल कर लाटरी पद्धति से मकान आवंटित किया गया। इस दौरान आवास विभाग के नोडल अधिकारी डी.के.वर्मा, उपअभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, नम्रता सिंह ठाकुर, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, थलेश्वर जोशी, सूडा के इंजीनियर आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री साय ने सार्थक एवं रक्षक अभियान का किया शुभारंभ

- बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल

रायपुर, 18 जून। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 15 वें स्थापना दिवस समारोह के मौके पर बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए सार्थक एवं रक्षक अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य के सुदूर अंचलों में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सार्थक एवं रक्षक जैसे नये अभियान जनमानस में बच्चों के अधिकारों के लिए जागरूक करने में कारगर सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही सशक्त समाज का निर्माण हो सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर अंचल खासकर बस्तर एवं सरगुजा संभाग में कम उम्र में ही बच्चे कामकाज की तलाश में अन्य शहरों के तरफ चले जा जाते हैं, पर जानकारी के अभाव में कई बार शोषण के शिकार हो जाते हैं।

आयोग की जिम्मेदारी है कि ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार से जोड़ते हुए शासन की योजनाओं से लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बच्चों और युवाओं पर केन्द्रित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। हमारी सरकार गांव-गांव तक स्कूल, कॉलेज, कोचिंग की सुविधा मुहैया करा रही है। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास, नालन्दा परिसर एवं दिल्ली में ट्राईबल यूथ हॉस्टल जैसे कार्यों के माध्यम से छात्रों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष मती वर्णिका शर्मा ने आयोग की कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि सार्थक अभियान बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने एवं रक्षक अभियान विश्वविद्यालयों में बाल अधिकार संरक्षण कानूनों की विशेष जानकारी प्रदान करने के लिए संचालित की जा रही है। आयोग के स्थापना दिवस समारोह में बाल अधिकारों की जागरूकता के लिए बेहतर कार्य करने वाले पुलिस के जवानों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नई मार्गदर्शिका बुकलेट, रक्षक बुकलेट एवं गुड टच, बेड टच सेफ टच, मानव तस्करी, एवं शिक्षा के अधिकार पर आधारित कार्टून पुस्तकों का भी विमोचन किया गया।

एक नजर

कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कायस्थ समाज नें खोला मोर्चा

राजनांदगांव, 18 जून। कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी एवं श्री यमराज जी के संबंध में की गयी अभद्र,आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कायस्थ समाज राजनांदगांव नें खुलकर मोर्चा खोल दिया हैं। कायस्थ समाज के सचिव राकेश श्रीवास्तव नें बताया कि गत 14 जून को महाराष्ट्र के श्रीक्षेत्र चक्रमंडी बीड में आयोजित शिव पुराण कथा कार्यक्रम के दौरान कथावाचक प्रदीप मिश्रा नें वेदव्यास पीठ से कायस्थों के कुलदेवता भगवान श्री चित्रगुप्त जी तथा मृत्यु के देवता श्री यमराज जी के संबंध में अत्यंत अभद्र, आपत्तिजनक तथा अवमाननापूर्ण टिप्पणी की गई। कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा सार्वजनिक रूप से भगवान चित्रगुप्त को उपहास पूर्वक मुछंदर कह कर सम्बोधित करते हुए यह कहा गया कि अरे ये चित्रगुप्त तू सबका हिसाब रखना पर मेरा मत रखना। इस टिप्पणी से आहत होकर कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा मंगलवार को आकस्मिक सामाजिक मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें सर्वसम्मति से कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ घोर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

टाटेकसा में नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल व फूलों से किया गया स्वागत

छुरिया, 18 जून। अंबागढ़ चौंकी विकास खंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टाटेकसा में 16 जून को स्कूल के पट खुलते ही नवप्रवेशी बच्चे पहुंचे स्कूल, बच्चों का मुंह मीठा कर गुलाल और फूलों से किया स्वागत। कॉपी और पेन भेट कर किए उत्साह वर्धन। अम्बागढ़ चौकी के अंतिम छोर पर घने जंगलों और पहाड़ों के समीप बसे ग्राम टाटेकसा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा नवमीं के नव प्रवेशी बच्चों का हुआ भव्य स्वागत । कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती के प्रतिमा पर संस्था के प्राचार्य जी. आर. नेताम के करकमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।तत्पश्चात वाद्ययंत्रों के साथ बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। बच्चों को अशीष वचन देते हुए संस्था के प्राचार्य श्री नेताम ने कहा कि आप लोग एक ऐसी संस्था में प्रवेश करने जा रहे हैं जहां से आपका भविष्य का निर्माण होता है अर्थात इस स्कूल से सफल होने पर आपका दिशा तय होगा इसीलिए अभी से पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाई करें और अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रौशन करें,। आज का कार्यक्रम बस आपका स्वागत कार्यक्रम है, प्रवेश उत्सव कार्यक्रम इससे भी भव्य होगा जिसमें आपके माता भी रहेंगे।संस्था के व्याख्याता आर . बी.सलामे ने बच्चों को अनुशासन के महत्व को बताते हुए कहा कि अच्छे विद्यार्थी मे क्या गुण होना चहिए इसके बारे में विस्तारित बात बतलाया।

बेरोजगार युवा सीखेंगे कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग

धमतरी 18 जून। स्वरोजगार करने के इच्छुक बेरोजगार युवा कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग सीखेंगे। इसके लिए उन्हें बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में निःशुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए बड़ौदा आरसेटी में 23 जून से प्रशिक्षण दिया जाएगा। 45 दिनों तक चलने वाले इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी श्री यज्ञेश्वर सामल ने बताया कि यह ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा कम्प्यूटर का इतिहास, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर के प्रकार, सर्विसिंग और उसके संचालन के लिए आवश्यक उपकरण तथा हार्डवेयर के घटकों की पहचान आदि में हुनरमंद बन सकेंगे। युवाओं को नये पीसी असेम्बल करने के उपाय, सावधानियां, ऑपरेटिंग सिस्टम को बूट करना, हार्ड ड्राइव का विभाजन, डिस्क एवं कम्प्यूटर प्रबंधन एवं नेटवर्किंग सहित उद्यमिता संबंधी जानकारी भी युवाओं को दी जाएगी। युवाओं को शैक्षणिक प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और चार पासपोर्ट फोटो के साथ आवेदन कम्पोजिट भवन के पीछे, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 93013-91939 और 88394-68509 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ की तरक्की और विकास में सेन समाज का महत्वपूर्ण योगदानः सीएम साय

- बालोद में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा
- मुख्यमंत्री सेन समाज के महिला जिला अध्यक्षों एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल

रायपुर, 18 जून। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सेन समाज प्रगतिशील समाज है, इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में इस समाज का योगदान अतुलनीय है। यह समाज छत्तीसगढ़ की तरक्की और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। मुख्यमंत्री साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित सेन समाज के महिला जिला अध्यक्षों एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बालोद नगर में सेन समाज के सामाजिक भवन हेतु 20 लाख रूपये की स्वीकृति घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने सेन महाराज की तैल्यचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में आगे कहा कि किसी भी समाज मे परिवर्तन के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है। आज समाज में महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार को इसका लाभ मिलता है। सशक्त महिला से ही सशक्त समाज एवं सशक्त समाज से सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। हमारी सरकार का दृढ़ विश्वास है कि महिलाएँ समाज निर्माण की आधारशिला हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सेन समाज के प्रतिभाओं जैसे स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी सहित अनेक लोगों के योगदान का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सेन समाज सामाजिक विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक कदम उठा रहा है, यह प्रसन्नता का विषय है। हमारी सरकार सेन समाज के विकास और उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने को तैयार है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। महिलाओं के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं,जो प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद कर रही है। हमारी सरकार आने के बाद हमने मोदी की गारंटी में शामिल महतारी वंदन योजना को लागू किया। आज प्रदेश की 70 लाख महिलाएँ इससे लाभान्वित हो रही हैं।

गुंडा, निगरानी बदमाश एवं संदेहियों के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान

- बदमाशों की दैनिक गतिविधि की ली गई जानकारी
- गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं संदेही को थाना हाजिर कर अपराध से दूर रहने की दी गई नसीहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 18 जून। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर चेक कर उनकी दैनिक गतिविधि की जानकारी लेकर उनको समझाईस देने हेतु कहा गया था। जिस पर दिनांक 16.06.2025 को थाना बसंतपुर लालबाग, छुरिया, चिखली, तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा कुल 30 से अधिक अपराधिक तत्वों को थाना हाजिर व तलब कर उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें नहीं तो पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने हेतु समझाईस दी गई।

नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ फिर से एक नई शुरुआत हो रही है:वैष्णव

छुरिया, 18 जून। जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत आसरा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति जागृति यदु ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजीता पडौती उपस्थित थे।सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी बच्चों को मुंह मीठा करा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

रेत एवं शराब के अवैध परिवहन पर निरंतर कड़ी कार्रवाई करें: कलेक्टर

राजनांदगांव 18 जून। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 20 जून को शासकीय कार्यालयों में सघन पौधरोपण किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी पौधे लगाएंगे। उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते हुए छायादार एवं फलदार पौधे लगाने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जिले के सभी आंगनबाड़ी, छात्रावास-आश्रम, स्कूलों में पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम में सुबह 7 बजे से सुबह 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समन्वय करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहर के उद्यानों के सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत के लिए उद्योगों को दायित्व सौंपा गया है। शहर के उद्यानों के सौंदर्यीकरण के लिए उद्योगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिवाईडर, रेलिंग को पेंट करने का कार्य प्राथमिकता से करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि रेत एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि रेत एवं शराब के अवैध परिवहन में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी की संलिप्तता नहीं हो यह सुनिश्चित करें।

शासकीय भूमि पर बने कुएं को पाट कर निर्माण कार्य किया, तहसीलदार से लिखित शिकायत

छुरिया, 18 जून। नगर के वार्ड क्रमांक 3 के राजकुमार बर्वे पिता विश्वनाथ बर्वे व अन्य तीन के द्वारा शासकीय भूमि पर बने हुए कुएं को मलमा डालकर पाटने व उस पर कब्जा कर निर्माण कार्य करने को लेकर जसीम कुरैशी, शेख हनीफ और वार्ड क्रमांक 3 के नगर वासियों के द्वारा तहसीलदार को लिखित शिकायत कर तत्काल रोक लगाने की गुहार किया गया है। आवदेन में लिखा है कि अनावेदक गण के द्वारा अपने निवास के समीप सार्वजनिक? प्राचीन कुएं को मलमा डालकर पाटा जा रहा है जबकि कुए का पानी प्राचीन काल से नगरवासी उपयोग करते आ रहे हैं ।प्राइवेट सुखाचार से वंचित करने का काम अनावेदक गण के द्वारा निर्माण कार्य कर किया जा रहा है ।कुएं में मालमा डालकर पानी खराब और दूषित कर रहे हैं ।कुआं खसरा नंबर 407 शासकीय भूमि पर स्थित है जिसे अनावेदक के द्वारा अपने मकान को तोड़कर उसका मलमा कुएं में डालकर कब्जा कर कार्य कर रहा है। उसे तत्काल रोक लगाये जाने की आवश्यकता है । आवेदन मे आगे लिखा है कि अनावेदक के द्वारा प्राचीन महत्व की कुएं को जिसका लोग पानी अपने लिए उपयोग करते हैं उसे अनावेदक के द्वारा प्राइवेट सुखाचार से वंचित कर हमारे आवश्यकता के पानी को वंचित कर पानी के उपयोग को बंद करने का कार्य किया जा रहा है तथा कुएं को क्षति पहुंचाने का काम किया जा रहा है जिसे अनावेदक के द्वारा आपके माध्यम से तत्काल ठीक करा कर पुन उपयोग हेतु बनाया जावे तथा अनावेदक गानों के विरुद्ध दंडनीय कानूनी कार्यवाही किए जाने की कृपा करेंगे।

जल संरक्षण की दिशा में राजनांदगांव का अभिनव कदम

- परकोलेशन टैंक और इंजेक्शन वेल मॉडल बन रहा पहचान
- आधुनिक तकनीक से भूजल रिचार्ज का देश में पहला प्रयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 18 जून। राजनांदगांव जिले में भूजल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में मिशन जल रक्षा के अंतर्गत एक अनूठी और तकनीकी दृष्टि से समृद्ध पहल की जा रही है, जो राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन रही है। जिले में अब तक कुल 1693 परकोलेशन टैंक का निर्माण किया जा चुका है, जो भूजल रिचार्ज की प्राकृतिक संरचनाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन टैंकों के निर्माण के लिए जीआईएस फ्रैक्चर जोन आइडेंटिफिकेशन जैसी वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे जल के प्रवाह और भूजल पुनर्भरण के उपयुक्त स्थलों का चयन किया गया। इन टैंकों में आसपास के क्षेत्रों से वर्षा जल एकत्रित होकर सीधे जमीन में रिसता है और भूजल स्तर को पुन- भरने में सहायक होता है।

नवाचार की नई दिशा–परकोलेशन टैंक तथा इंजेक्शन वेल का समायोजन जल संरक्षण की इस मुहिम को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु राजनांदगांव जिले ने परकोलेशन टैंकों में इंजेक्शन वेल जोडने की अभिनव कार्ययोजना तैयार की है। अब तक 200 से अधिक परकोलेशन टैंकों में इंजेक्शन वेल का निर्माण सफलतापूर्वक किया जा चुका है और आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व इस संख्या को और अधिक बढ़ाने हेतु तेजी से कार्य किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि युक्त संरचना की लागत मात्र 37 हजार रूपए है जो कि एक हैंडपंप खोदने की लागत से भी कम है और इसका कार्य सीधे सरफेस में इकट्ठा होने वाले जल को फिल्टर मीडिया से गुजारते हुए सीधे ग्राउंडवाटर टेबल में पहुंचने का है।

इंजेक्शन वेल की विशेषताएं – वर्षा जल को फिल्टर कर गहराई तक सीधे जलभंडार तक पहुँचाया जाता है। संरचना की न्यूनतम लागत मात्र 37000 आसन एवं सीधे समझ में आने वाली तकनीक है। खाली पड़े ग्राउंडवाटर टेबल का सर्वोत्तम उपयोग, यह प्रणाली तेज वर्षा के समय अधिक जल को तुरंत जमीन में भेजने में सक्षम है। परंपरागत रिसाव विधियों की तुलना में अधिक प्रभावशाली भूजल पुनर्भरण संभव होता है। मिशन जल रक्षा के तहत पारंपरिक तारीख से आगे बढ़ते हुए अब नवीनतम तकनीक के आधार पर संरचनाएं तैयार किया जाना आज के समय की मुख्य जरूरत है। जिले की यह पहल इसलिए भी विशिष्ट है क्योंकि इसमें परकोलेशन टैंक के निर्माण में जीआईएस मैपिंग, हाईड्रोलॉजिकल, सर्वे तथा रनआफ कैचमेंट एनॉलसिस जैसी तकनीकों का उपयोग किया गया है।

समाचार संक्षेप

महापौर ने स्व विवरणी की जांच कर डिमांड दुरुस्त कर वसूली के दिये निर्देश

राजनांदगांव 18 जून। इस वित्तीय वर्ष में सत प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए सुनियोजित अभियान चलाकर राजस्व वसूली करना है। वसूली के लिए सर्वप्रथम करदाताओ के द्वारा जो विवरणी भरा गया है उसकी जॉच करे और उसके आधार पर सम्पतिकर वसूली करे। आज निगम सभागृह में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर श्री मधूसूदन यादव ने वार्ड मोहर्रिरो से कहा। उन्होंने आगे कहा कि शहर में कई नये मकान, दुकान, भवन आदि का निर्माण हो रहा है, जिसकी संबंधित वार्ड प्रभारी जॉच करे और संबंधित से विवरणी भरा वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि शहर में कई मोबाईल टॉवर, स्थापित है, इसी प्रकार होडिग्स भी लगे हुए है उन्हें भी नोटिस जारी कर उनसे सम्पत्तिकर वसूलना सुनिश्चित करे। सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने अपने प्रभारित वार्ड के सभी मकान, भवन तथा रिक्त भूमि का सर्वे कर उसकी नम्बरिंग कर सूची तैयार करे, जिससे सही कर की वसूली होगी। हमारा सम्पत्तिकर शहर में निर्माण के हिसाब से कम है, जिसे आप सबको दुरूस्त कर उसके अनुसार वसूली करना है, तभी हम शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली कर सकते है। महापौर श्री यादव ने कहा कि भवन नजूल शाखा से भवन अनुज्ञा के लिए आए प्रकरणो की जानकारी लेवे, इससे नये मकान व भवन की जानकारी मिल जाएगी।

- मोबाइल टॉवर, होडिग्स व नये निर्माण से संपत्तिकर वसूलें: मधुसदन

सीमेंट रोड तथा स्कूल में अतिरिक्त कमरा व शौचालय निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव 18 जून। वार्ड विकास की कडी में नगर निगम द्वारा वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 51 हल्दी में आधोसंरचना मद अंतर्गत 10-10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं रोड सीमेटीकरण के अलावा पी.एम.श्री. योजनांतर्गत 7 लाख रूपये की लागत से स्कूल में अतिरिक्त कमरा व 1.67 लाख रूपये की लागत से नवीन शौचालय निर्माण कराने आज महापौर श्री मधुसूदन यादव ने पूजा अर्चना कर गैती चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री डीलेश्वर प्रसाद साहू ,राजा माखिजा,राजेश जैन रानू, हल्दी के पार्षद श्री चंद्रकृत साहू, पार्षद श्री रवि सिन्हा, श्री सतीश साहू, श्री संदीप बघेल, पूर्व पार्षद श्री विजय राय, श्री शरद सिन्हा सहित समाजिक कार्यकर्ता श्री गोलू गुप्ता, शाला विकास के अध्यक्ष श्री सतानंद साहू, प्रधानपाठक श्री प्रमोद सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे। भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत राशि से शहर के वार्डो में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, रोड, नाली के अलावा सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन आदि कार्य कराये जा रहे है। इसी तारतम्य में हल्दी में सामुदायिक भवन, रोड तथा स्कूल में कमरा व शौचालय निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है।

मोदी के 11 साल के राज में भारत की तकदीर और तस्वीर बदली: खेमचंद

राजनांदगांव, 18 जून। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी खेमचंद (बंटी) वर्मा ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 11 साल पूरे होने पर प्रसन्नता भरी प्रतिक्रिया व्यक्त की है उन्होंने कहा कि मोदी जी ने केंद्र की भाजपा सरकार और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग के सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 11 साल अपनी सेवाएं दी है। इस दौरान उन्होंने अपनी बेहतर योजनाओं से भारत की तकदीर और तस्वीर बदल दी है। अब का भारत काफी सशक्त देश में शुमार हो चुका है आर्थिक और सामरिक तथा तकनीकी विकास के अतिरिक्त अब अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है हमारा भारत पहले से ही सांस्कृतिक रूप से काफी समृद्ध रहा है नई पीढ़ी के लिए सुख सुविधा की काफी संसाधन उपलब्ध हो गए हैं यही 11 साल पहले भारत काफी पिछड़ा हुआ था तब कांग्रेस की सत्ता होती थी 50 साल तक कांग्रेस अगर इसी तर्ज पर विकास कर रही होती तो देश आज विकसित राष्ट्र में कब का शुमार हो चुका होता यह सच है कि अगर कांग्रेस की सत्ता इन 11 वर्षों तक लगातार रही होती तो देश काफी गर्त में जा चुका होता है। श्री वर्मा ने आगे कहा है कि देश में करोड़ों गरीब रियायती और निशुल्क राशन सामग्रियां लेकर बहुत खुश है। वही लाखों गरीब जो झुग्गी झोपड़ी में रहा करते थे। उन्हें पक्का घर नसीब हो गया है। परिवहन सेवाएं आज इतनी विकसित हो गई है कि बरसात में एक गांव से दूसरे गांव और शहर का संपर्क बहुत कम टूटता है।

सरकार आपराधिक घटनाएं रोकने में फेल, गृहमंत्री को चूड़ी पहनकर बैठ जाना चाहिए: दीपक बैज

राजनांदगांव, 18 जून। जिले में खनिज विभाग व सरकार के निकम्मेपन के चलते अब रेत चोर माफियाओं के हौसले कितने बुलंद है रोजाना प्रदेश में अपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। राजनांदगांव शहर के मोहड़ वार्ड 49 है जहां रेत माफियाओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर बंदूक तान दी। रेत उत्खन्न और हुई गोलीकांड मामले का अवलोकन करने मंगलवार 17 जून को पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज शिवनाथ नदी पहुंचकर रेत तस्करों द्वारा बनाए गए रैम्प का अवलोकन किया वहीं मोहड़ वार्ड के जिस खेल मैदान में गोलीकांड की घटना हुई वहां का मौका मुआयना कर वहां के ग्रामीणों से रूबरू चर्चा कर वस्तुस्थिति से वाकिफ होते हुए श्री बैज ने प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर कोसा और कहा कि छग विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र व प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिले में अपराध की खुली छूट मची हुई है लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है, जो कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। गृहमंत्री को चूड़ी पहनकर बैठ जाना चाहिए। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि मंगलवार 17 जून को छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज राजनांदगांव प्रवास पर थे।

- मोहड़ में हुए घटना की जांच करने पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर दागे कई सवाल

संपादकीय

बेच रहे हैं मतलब जरूरत नहीं है

शासकीय योजना आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए होती है, उनकी सुविधा के लिए होती है। इससे बहुत लोगों को लाभ भी होता है और सुविधा भी होती है लेकिन एक वर्ग ऐसा होता है तो इसमें भी अपने लिए लाभ कमाने का मौका ढूंढ लेता है।गरीब,जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार ने कम कीमत पर राशन देने की व्यवस्था सार्वजनिक वितरण की दुकानों के जरिए की है ताकि उनको भोजन की समस्या न हो,कोई भूखा न रहे।इससे लाखों लोगों को फायदा होता है। लाखों लोगों को राहत मिलती है। केंद्र सरकार ने यदि ऐसे लोगों को तीन माह का राशन एकमुश्त देने का फैसला किया है तो राहत पहुंचाने के लिए किया है। इससे लाखों लोगों को तीन माह तक राशन की व्यवस्था की चिंता नहीं रहेगी। सरकार की तरफ से कहा गया है कि राशनकार्ड वालों को 30 जून तक तीन माह का चावल एकमुश्त देना है। इसमें कई तरह की दिक्कत आ रही है तो इसकी वजह यह है कि इसके लिए पहले से व्यवस्था नहीं की गई है। राज्य की राशन दुकानों में एक माह का राशन के परिवहन,भंडारण,वितरण की व्यवस्था होती है, उसमें तीन माह के राशन परिवहन,भंडारण व वितरण करना हो तो अव्यवस्था होगी ही। लोगों को तीन माह का राशन एक साथ ले जाने में भी दिक्कत होगी। घर में उसे सुरक्षित रखने की व्यवस्था करनी होगी। हर शासकीय योजना में भ्रष्टाचार की भी गुंजाइश होती है। एक माह का राशन वितरण दुकानदार करते हैं तो वह उसमें कई तरह से भ्रष्टाचार करते हैं, तीन माह का राशन वितरण में उनके सामने तीन गुना भ्रष्टाचार करने का मौका है और कई दुकानदार कर भी रहे हैं। यह खबर तो वाकई चिंता की बात है कि राशन दुकानदार लोगों को चावल न ले जाने और बदले में पैसा ले जाने को उकसाते हैं। कई लोग तो हर माह चावल नहीं ले जाते है, चावल के बदले पैसा ले जाते हैं। राशन दुकानदार यह चावल खुले बाजार में बेच कर लाभ कमाते हैं। जो लोग भी घर न ले जाकर चावल बेच रहे हैं, मतलब उनको चावल की जरूरत नहीं है तो ऐसे लोगों की पहचान कर उनको चावल देना बंद कर देना चाहिए।

राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को थोड़ा संयम रखकर सुलझाने की आवश्यकता है। आप अपने मनमाने व्यवहार के कारण कुछ परेशान रहेंगे। आप बेवजह क्रोध करने से बचें। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। आपका कोई जरूरी काम पूरा होने में यदि समस्या आ रही रही थी, तो वह भी दूर होता दिख रही है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

वृषभ आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ मौज मस्ती भरे पलों का आनंद लेंगे। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी। प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई लेनदेन थोड़ा सोच समझकर करें। सरकारी कामों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जो आपको खुशी देगी। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचाना है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप टीमवर्क के जरिए किसी काम को आसानी से पूरा कर सकेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपके पिताजी आपसे काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोग यदि किसी योजना को लेकर परेशान थे, तो आज वह फाइनल हो सकती है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

कर्क आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आप दोस्तों के साथ कुछ समय बातचीत करने में व्यतीत करेंगे। यदि आपको किसी काम को लेकर कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। बिजनेस कर रहे लोगों का धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो वह भी आपको प्राप्त हो सकता है। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन आपको अपने पेट संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखकर भोजन करना होगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए खुशियों से सराबोर रहने वाला है। आपको किसी से उधार का लेन-देन करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर जिम्मेदारियां अधिक रहेगी। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपको अपने किसी काम को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और उन्हें कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आप अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सतर्क रहें, क्योंकि वह आपके कामों में भी विघ्न डालने की कोशिश करेंगे।

कन्या आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। बिजनेस की नई योजनाएं शुरू हो सकती है, जो आपको बेहतर लाभ देगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा, नहीं तो बेवजह के लड़ाई-झगड़ा बढ़ते रहेंगे। आपको यदि किसी काम को पूरा करने में समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। लेनदेन से संबंधित मामलों को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। सामाजिक कामों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको किसी काम को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। आपकी अपने सगे संबंधियों से मुलाकात होगी। आपको अपने पारिवारिक मामलो में किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह लेने से बचना होगा। बच्चों की सेहत के प्रति आप थोड़ा ध्यान दें। राजनीति में कार्यरत लोगों को समस्याएं आएंगी, क्योंकि उनके विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। संतान को आप किसी नए कोर्स में काफिला दिला सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से आपके खर्चों में वृद्धि होगी। आपकी किसी नए साथी से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपके दिल में उथल-पुथल रहेगी। आप अपनी शौक और मौज की चीजों पर भी अच्छा खासा खर्च कर सकते हैं। आप बेवजह खर्च करने से बचें, नहीं तो बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

धनु आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आज का दिन आपकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा, क्योंकि आप अपने कामों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। बिजनेस में आप किसी के साथ कोई पार्टनरशिप करने से बचें। आपको किसी काम में थोड़ा सोच समझ कर आगे बढ़ना होगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आपको पूरा करने की आवश्यकता है। अब दूसरों के मामले में बेवजह ना बोले।

मकर आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपका कोई जमीन-जायदाद से जुड़ा मुद्दा सुलझ सकता है। आप अपने पेंडिंग कामों को भी पूरा करने के पूरी कोशिश करेंगे। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले आपको बेहतर लाभ देंगे। आप जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में आपको थोड़ा तालमेल बनाकर चलना होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को घर में रहकर ही निपटना बेहतर रहेगा। आपको वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा, नहीं तो आपकी कोई बात बनते-बनते बिगड़ सकती हैं। आप किसी विरोधी की बातों में ना आए। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

मीन आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी छोड़ी हुई नौकरी से बुलावा आ सकता है। आप घूमने-फिरने में अच्छा खासा खर्च करेंगे, लेकिन आपको इन सबके साथ-साथ अपने कामों पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही आपकी किसी पुरानी समस्या को बढ़ा सकती है।

समसामयिक

धर्म का एक दशक: मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,

जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ।सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी।यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यहमंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था,यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल कोस्थापित किया।यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलितराजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणाथी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया।यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था।

इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया।यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी। 2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवसपहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है,बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।

आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया।इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्तादएवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए। भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था,बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेललंबे समय से ओझल हो रहे थे।उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओरबदलाव का भी प्रतीक था। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्रीश्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ताकी तुलना मेंशायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह कानगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास औरन केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था। यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर परपट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए,जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया।

हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था: भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है। इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियांविदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीरशहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया। महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और "मनकीबात" केमाध्यमसे, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें।

"विकासभी, विरासत भी" के नारे जैसेअभियान में ये सभीसमाहित हो गए।यह एकआह्वानहै जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथचलने पर जोर देता है।मोदीसरकारकेतहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि,जिसमेंजीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण,मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे। भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावें और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवादप्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है। इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं। राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है।भारत का भविष्य तब सबसे उज्ज्वल होगा, जब वह याद रखेगा कि वह कहां से आया है। हम सिर्फ एक लंबा इतिहास वाला देश नहीं हैं, बल्कि हम एक लंबी स्मृति वाली जीवित सभ्यता हैं। और उस स्मृति में, धर्म की निगरानी में, भारत ने फिर से अपनी आवाज पाई है।

चर्चित मुद्दा

संजय सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार

न थल सुरक्षित न नभ:, दावे परिवहन क्रांति के ?

निर्मल रानी

भारत सरकार के परिवहन सम्बन्धी सभी मंत्रालय अपने अपने क्षेत्रों में उठाये गये क़दमों को "परिवहन क्रांति" के रूप में प्रचारित करते हैं। सड़क, रेल, जलमार्ग, और हवाई यातायात आदि का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं जिसमें सरकार अपनी पीठ थपथपाने से बाज़ आती हो। कभी रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण की बातें होती हैं तो कभी जलमार्ग और हवाई यातायात नेटवर्क को बढ़ाने के लिए नई नीतियां बनाये जाने की ख़बरें प्रकाश में आती हैं। हवाई क्षेत्र में भारत को दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते विमानन बाज़ारों में से एक माना जा रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के मक़सद से सरकार द्वारा राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के अंतर्गत लॉजिस्टिक्स लागत को 16% से घटाकर 2025 तक 9% करने का लक्ष्य भी रखा गया है। सरकार द्वारा इन उपलब्धियों को पी आई बी इण्डिया में "इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति" के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। तो क्या सरकार ऐसे 'प्रचार' की आड़ में वास्तविक चुनौतियों को छुपाने व जनसाधारण से जुड़ी अनेक समस्याओं व सुरक्षा चुनौतियों पर पर्दा डालने का काम करती है ? यदि हम सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या की ही बात करें तो यह औसतन लगभग 1.5 लाख प्रतिवर्ष है । जहाँ तक निर्माण की गुणवत्ता का प्रश्न है तो यह किसी से छुपा नहीं है। घटिया व कमज़ोर सड़क निर्माण को लेकर तो पूरे विश्व में गोया भारत का 'डंका'बजता है। सड़कों पर गड्ढे,उद्घाटन से पहले या उद्घाटन के कुछ ही समय बाद देश में कहीं सड़क टूट रही है तो कहीं बड़े बड़े पुल धराशायी हो जाते हैं। जबकि परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच अभी भी ज़रूरत के अनुसार नहीं है। सरकार निश्चित रूप से परिवहन क्षेत्र में प्रगति की बात करती है और इसे अपनी उपलब्धि के रूप में विज्ञापनों व मंत्रियों अथवा पार्टी नेताओं के आलेखों के माध्यम से पेश करती है, लेकिन यह "पीठ थपथपाना" पूरी तरह से संतुलित नहीं हो सकता। प्रगति तो हुई है, पर कई क्षेत्रों में अभी भी काफ़ी सुधार की आवश्यकता है ख़ास तौर पर सड़क यात्रियों की सुरक्षा को लेकर। सड़कों पर खुले आम घूमते आवारा पशु और गड्ढेदार सड़कें मौत को दावत देती हैं। बेशक सरकार की नीतियां और निवेश के चलते परिवहन क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है, लेकिन भ्रष्टाचार से डूबा निर्माण और इसी के परिणाम स्वरूप सड़क परिवहन में असुरक्षा जैसी चुनौती भी बनी हुई हैं। केवल सड़क मार्ग ही नहीं बल्कि रेल मार्ग परिवहन व्यवस्था में भी यात्रियों की सुरक्षा की कोई गारंटी दिखाई नहीं देती। अभी कुछ दिन पहले ही 9 जून 2025 को मुंबई के ठाणे में मुंब्रा और दीवा रेलवे स्टेशनों के बीच एक लोकल ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने के कारण कई यात्री ट्रेन के दरवाज़ों पर लटक कर यात्रा कर रहे थे। वैसे भी लोकल ट्रेन यात्रा का यह आम दृश्य है। इस दौरान, कुछ यात्रियों के पीठ पर लटके बैग दूसरी दिशा से आ रही एक अन्य ट्रेन से टकराए, जिसके कारण कई यात्री ट्रेन से गिर गए। इस हादसे में 5 यात्रियों की मौक़े पर ही मृत्यु हो गई जबकि 4 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए। ख़बरों के अनुसार रेलवे बोर्ड ने इस हादसे के बाद मुंबई की सभी लोकल ट्रेनों में ऑटोमैटिक डोर क्लोज़र सिस्टम लगाने का फ़ैसला किया ताकि भविष्य में यात्रियों का दरवाजों पर लटकना रोका जा सके। सवाल यह है कि क्या हादसों के बाद ही सरकार को ऐसे सुरक्षा उपाय करने की चेतना जागृत होती है ? इसी तरह 22 जनवरी 2025 को महाराष्ट्र के जलगांव ज़िले में परधाडे गाँव के पास माहेजी रेलवे स्टेशन पर लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में ट्रेन में आग लगने की अफ़वाह के कारण एक दुखद हादसा हुआ। यह अफ़वाह इतनी तेज़ी से फैली कि यात्रियों में दहशत मच गई, और कई यात्री चलती ट्रेन से कूद गए। दुर्भाग्यवश, उसी समय साथ के दूसरे ट्रैक से कर्नाटक एक्सप्रेस तेज़ गति से गुज़र रही थी, जिसने पटरियों पर कूदे हुए यात्रियों को कुचल दिया। इस हादसे में 14 यात्रियों के मरने की ख़बर आई थी। इसी तरह 2023 में ओडिशा के बालासोर में हुए हादसे में 290 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई थी। आये दिन होने वाले ऐसे अनेक ट्रेन हादसे रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हैं। यह तो रही थलीय परिवहन की बातें। इसी तरह नभ परिवहन अर्थात हवाई यातायात के क्षेत्र में भी यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंताजनक स्थिति के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले। सबसे दर्दनाक हादसा 12 जून 2025 को गुजरात के अहमदाबाद में हुआ। यहाँ एयर इंडिया की फ़्लाइट AI-171 का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान जो अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था, टेकऑफ़ के कुछ ही सेकेंडों बाद क्रैश हो गया। इसे भारतीय विमानन इतिहास के सबसे भयावह हादसों में से एक माना जा रहा है। इस में 230 यात्री और 12 चालक दल के सदस्यों सहित कुल 242 लोग सवार थे। जिनमें एक यात्री के अतिरिक्त शेष सभी की मौत हो गई। चूँकि यह विमान हवाई अड्डे के साथ लगते बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर जा गिरा इस वजह से कॉलेज की इमारत का भी काफ़ी बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यहाँ भी कम से कम 5 एमबीबीएस छात्र, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर, और एक सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी की मृत्यु हुई। इसके अलावा 60 से अधिक मेडिकल छात्र घायल भी हुए। अभी यह ख़बर चर्चा में ही थी कि 15 जून 2025 को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम के पास गौरीकुंड क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना भी हो गयी। इसमें पायलट सहित सात लोगों की मृत्यु हो गई। आर्यन एविएशन कंपनी का यह हेलीकॉप्टर केदारनाथ मंदिर से श्रद्धालुओं को लेकर गुप्तकाशी बेस की तरफ़ वापस आ रहा था। प्रारंभिक जांच में ख़राब मौसम और कम दृश्यता को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। यह एक 7-सीटर बेल (Bell-VT-QXF) हेलीकॉप्टर था जिसे अहमदाबाद,गुजरात की एरोटांस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी संचालित कर रही थी। इस हेलीकॉप्टर दुर्घटना ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भय पैदा किया है, और हेलीकॉप्टर सेवाओं पर लोगों का भरोसा कम हुआ है। कहने को तो हवाई यातायात सबसे सुरक्षित परिवहन सेवाओं में माने जाते हैं परन्तु हाल के दिनों में हुये हादसे इन धारणाओं पर सवाल खड़ा करते हैं। लिहाज़ा कहना ग़लत नहीं होगा कि सरकार द्वारा लाख परिवहन क्रांति के दावे क्यों न किये जा रहे हों परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि आज न तो थल परिवहन सुरक्षित है न ही नभ परिवहन।

पर्यटन

प्रकृति, शांति और रोमांच का संगम है पार्वती घाटी में बसा कसोल

हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी में बसा कसोल एक छोटा लेकिन बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है, जो खासकर युवाओं, ट्रेकिंग प्रेमियों और विदेशी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। समुद्र तल से लगभग 1,580 मीटर की ऊँचाई पर स्थित कसोल को "भारत का मिनी इज़राइल" भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ

बड़ी संख्या में इज़राइली पर्यटक आते हैं और यहाँ की संस्कृति में उनका प्रभाव देखा जा सकता है।

कसोल की खासियत-कसोल एक शांत और सुरम्य गाँव है, जो पार्वती नदी के किनारे स्थित है। यहाँ का वातावरण बेहद शांत, स्वच्छ और ठंडा होता है। ऊँचे पहाड़, घने देवदार के जंगल, कलकल बहती पार्वती नदी और रंग-बिरंगे कैफ़े इस स्थान को बेहद आकर्षक बनाते हैं।

प्रमुख आकर्षण-1. **पार्वती नदी**-यह तेज बहाव वाली नदी कसोल की जान मानी जाती है। इसके किनारे टहलना, चट्टानों पर बैठकर मन को शांति देना और फोटोग्राफी करना पर्यटकों को बहुत पसंद आता है।

2. तोश और मणिकरण-कसोल से थोड़ी दूरी पर स्थित ये गाँव अपने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। मणिकरण में गर्म पानी के झरने और गुरुद्वारा प्रमुख आकर्षण हैं, जबकि तोश ट्रेकिंग प्रेमियों का पसंदीदा गाँव है।

3. चालल गाँव-कसोल से लगभग 30 मिनट की पैदल दूरी पर स्थित यह छोटा गाँव ट्रेकिंग और कैम्पिंग के लिए आदर्श है। यहाँ आप स्थानीय संस्कृति को करीब से जान सकते हैं।

4. इज़राइली कैफ़े और भोजन-कसोल में कई इज़राइली कैफ़े और रेस्तराँ हैं जहाँ आप फलाफल, शाकशूका, हुम्मस आदि विदेशी व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

कसोल में करने योग्य गतिविधियाँ-ट्रेकिंग (खीरगंगा, तोश, चालल, ग्रहन)

कैम्पिंग और बोनफायर

रिवर साइड कैफ़े में समय बिताना

स्थानीय लोगों से मिलकर पहाड़ी संस्कृति को समझना

हर्बल चाय और हिमाचली हस्तशिल्प की खरीदारी

यात्रा का उत्तम समय

मार्च से जून: गर्मियों में ठंडी जलवायु और ट्रेकिंग के लिए अनुकूल मौसम। **सितंबर से नवंबर**: मानसून के बाद की हरियाली और साफ आसमान।

Skin की डबल क्लींजिंग से मिलेगा मैक्सिमम बेनिफिट

जब आप डबल क्लींजिंग कर रहे हैं तो इस बात का खास ख्याल रखें कि आपका हाथ साफ हो। हमेशा चेहरा साफ़ करने से पहले अपने हाथ धोएं। अगर आपके हाथ गंदे होंगे तो चेहरा धोने का कोई फायदा नहीं मिलेगा। यहां तक कि आप अपने हाथों के बैक्टीरिया को अपने चेहरे पर ट्रांसफर कर देंगे। स्किन की केयर का सबसे पहला स्टेप होता है क्लींजिंग। अमूमन हम सभी दिनभर में दो से तीन बार अपनी स्किन को क्लीन जरूर करते हैं। खासतौर से, दिन भर की भागदौड़ के बाद जब हम घर लौटते हैं तो स्किन चिपचिपी, गंदी व ऑयली नजर आती है। ऐसे में सिर्फ फेस वॉश करना ही काफी नहीं होता है, बल्कि स्किन की बेहतरीन क्लीनिंग के लिए डबल क्लींजिंग करना अच्छा माना जाता है। डबल क्लींजिंग से यह सुनिश्चित होता है कि पोर्स में किसी तरह की गंदगी छुपी ना रह जाए। डबल क्लींजिंग करते समय ऑयल बेस्ड क्लींजर व वॉटर बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि डबल क्लींजिंग स्किन के लिए काफी फायदेमंद है, लेकिन इसे करते हुए आपको कुछ छोटे-

छोटे टिप्स का ध्यान रखना चाहिए, जिससे आपको बेस्ट रिजल्ट मिल सके। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको डबल क्लींजिंग करते हुए फॉलो किए जाने वाले कुछ टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

जब आप डबल क्लींजिंग कर रहे हैं तो इस बात का खास ख्याल रखें कि आपका हाथ साफ हो। हमेशा चेहरा साफ़ करने से पहले अपने हाथ धोएं। अगर आपके हाथ गंदे होंगे तो चेहरा धोने का कोई फायदा नहीं मिलेगा। यहां तक कि आप अपने हाथों के बैक्टीरिया को अपने चेहरे पर ट्रांसफर कर देंगे।

पहले लगाएं ऑयल क्लींजर-डबल क्लींजिंग करते हुए सबसे पहले ऑयल क्लींजर को लगाना चाहिए। अमूमन लोगों को इसके सही स्टेप नहीं पता होते और ऐसे में उन्हें डबल क्लींजिंग का फायदा नहीं मिल पाता है। भले ही आपकी स्किन ऑयली हो, लेकिन फिर भी आपको ऑयल क्लींजर जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। यह आपकी स्किन से सनस्क्रीन, मेकअप, चेहरों का तेल और धूल-मिट्टी को अच्छे से निकाल देता है। जब आप ऑयल क्लींजिंग करें तो आपका चेहरा सूखा होना। फिर आप ऑयल क्लींजिंग करते हुए उंगलियों से धीरे-धीरे 60 से 90 सेकंड तक मसाज करें।

वॉटर क्लींजर का करें इस्तेमाल-ऑयल क्लींजिंग के बाद स्किन को क्लीन करने के बाद आपको वॉटर क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

सू-दोकू 83

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.082 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

एक नजर

सुकमा छिंदगढ़ एवं कोंटा विकासखंड में होगा शिविर का आयोजन

सुकमा, 18 जून। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सुकमा छिंदगढ़ एवं कोंटा विकासखंड में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग हाथ पैर एवं कैलीपर्स सहायक उपकरण प्रदाय एवं प्रमाणीकरण हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दिव्यांग हितग्राहियों को कृत्रिम पैरए हांथए कैलीपर्स, बैशाखी, श्रवण यंत्रए ट्रायसाइकल, व्हीलचेयर एवं छूटे हुये दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। शिविर का आयोजन को जिला चिकित्सालय सुकमा में किया जाएगा। जनपद पंचायत छिंदगढ़ में 19 जून 2025 गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ में किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत कोंटा में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद कोंटा में स्वामी आत्मानंद विद्यालय सामुदायिक भवन कोंटा में 25 जून 2025 बुधवार को और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्तलनार में 26 जून 2025 गुरूवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी की डयूटी लगाई गई है। शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत होना अनिवार्य है जिसमें नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ्स आधार कार्ड, मोबाईल नंबरए दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र शामिल है।

शासकीय आईटीआई सुकमा,कोण्टा एवं छिन्दगढ़ में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ

सुकमा, 18 जून। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुकमाए कोण्टा एवं छिन्दगढ़ में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून 2025 तक विभागीय के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विद्युतकार,फिटर, डीजल मैकेनिक वेल्डर एवं कोपा कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसायों में प्रवेश के लिए किया जा सकता है। प्रत्येक संस्थान में उपलब्ध सीटों की जानकारी विभागीय वेबसाइट में प्रदर्शित की गई है। अधिक जानकारी 07864.284800ए 79878.28792 या शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पर संपर्क किया जा सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

दंतेवाड़ा, 18 जून । जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में किया गया था। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मानव जीवन में योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 जून 2024 को मेंढका डोबरा मैदान में प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजित किया जाएगा। योग कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यों के निर्वहन का दायित्व सौंपा गया। इसके अनुसार आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने हेतु पुलिस विभाग, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, पीने के पानी एवं टैंकर की व्यवस्था नगरीय प्रशासन, मंच निर्माण, ग्रीन मेट, कारपेट, योगा मेट,गद्दे आदि की व्यवस्था, साऊड सिस्टम, लोक निर्माण विभाग, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, काढ़ा औषधि का वितरण स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग, मंच संचालन, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति आश्रम-छात्रावासों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शिविर में उपस्थित करना, जिला शिक्षा अधिकारी एवं आदिम जाति विभाग, कार्यक्रम का प्रचार प्रसार फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की व्यवस्था जनसंपर्क विभाग तथा योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था समाज कल्याण विभाग फुलमाला व्यवस्था के लिए उद्यानिकी विभाग, स्वल्पाहार की व्यवस्था हेतु खाद्य विभाग को दायित्व सौंपे गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेष पात्रे उपस्थित रहे।

निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया 20 जून से

दंतेवाड़ा, 18 जून । कार्यालय जिला शिक्षा विभाग के प्राप्त जानकारी अनुसार निःशुल्क शिक्षा के अधिकार के तहत दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत संचालित निजी स्कूलों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीट, बीपीएल परिवारों (गरीबी रेखा के नीचे), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अनाथ, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव तथा मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए आरक्षित रखी गयी है। जिसमें सत्र 2025-26 के लिए प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात द्वितीय चरण हेतु संलग्न सूची अनुसार विद्यालयवार रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20 जून 2025 से 30 जून 2025 तक अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। जिसमें इच्छुक पालक अपने बच्चों का ऑनलाइन आवेदन आरटीआई के वेबसाइट http:edu-portal.cg.nic.in/ जाकर ऑनलाईन भर सकते है। इस संबंध में नागरिकों से अपील किया गया है कि यदि उनके आसपास ऐसे परिवार है, हो तो उन तक इस योजना की जानकारी पहुँचाया जाए, ताकि उनको इस योजना का लाभ मिल सकें।इसके अलावा इस केटेगरी में आने वाले समस्त पालक सभी सम्बन्धित दस्तावेज जैसे कि जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा जिस वर्ग में आते हैं उससे संबंधित प्रमाण पत्र जैसे अंत्योदय राशन कार्ड सर्वे सूची, जाति प्रमाण पत्र या मेडिकल प्रमाण पत्र आदि आवेदन करने से पूर्व तैयार करके अपने पास अवश्य रखें। निःशुल्क शिक्षा के अधिकार से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए इंडस एक्शन के हेल्पलाइन नंबर 011-411-32689 में मिसकॉल किया जा सकता है। जिसमें किसी भी समस्या का समाधान इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से किया जायेगा।

बस्तर जिले में खाद संकट गहराया, विधायक लखेश्वर बघेल ने जताई नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर, 18 जून। बस्तर जिले में खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है लेमप्स, डीएपी, ईफको (IFFCO) एवं अन्य आवश्यक उर्वरकों की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाने से किसान बेहद परेशान हैं सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप के गृह जिला बस्तर में हालात चिंताजनक बने हुए हैं, जहाँ किसानों को महंगे दामों पर निजी दुकानों से खाद खरीदनी पड़ रही है। स्थानीय किसानों का कहना है कि अभी तक लगभग 50त्न किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पाई है समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों की खेती प्रभावित हो रही है, जिससे आगामी फसल सीजन पर भी असर पड़ सकता है किसानों ने इस संकट को लेकर बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल से गुहार लगाई हैस्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक बघेल ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि बस्तर जैसे कृषि प्रधान जिले में किसानों के साथ इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी खाद वितरण व्यवस्था में भ्रष्टाचार और लापरवाही किसी भी स्तर पर हो, उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी विधायक बघेल ने मांग की है कि जिले में खाद की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता पर खाद उपलब्ध कराई जाए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। कृषि विभाग और सहकारी समितियों की लचर व्यवस्था के चलते बस्तर जिले के किसान अब सरकार से जल्द राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं

पुतला दहन

सुकमा, 18 जून। ईडी के द्वारा भाजपा सरकार के दबाव में आकर अनैतिक रूप से कांग्रेस कार्यालय को भाजपा के इशारे पर सीज करने निरंतर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उनके परिवार पर झूठा आरोप लगाकर एक तरफा कार्रवाई करना एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को परेशान करने की कार्रवाई किी निंदा करते हुए और सुकमा जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा सरकार एवं भाजपा की तोता के द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा सुकमा बस स्टैंड में पुतला दहन कार्यक्रम किया गया।

आयुक्त,महापौर को ज्ञापन सौंपन के बाद भी वार्डों की स्ट्रीट लाइट बंद

जगदलपुर,18 जून। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विद्युत सामग्री की कमी के कारण पिछले कई दिनों से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। इस विषय को लेकर पूर्व में नगर निगम आयुक्त एवं महापौर को ज्ञापन सौंपा गया था, किंतु आज दिनांक तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही जनता की इस मूलभूत समस्या का समाधान हुआ।

नगर निगम की इस उदासीनता एवं जनहित की उपेक्षा के विरोधस्वरूप दिनांक 16 जून 2025 को भगत सिंह और वीर सावरकर वार्ड में लालटेन दीप व मोमबत्ती जलाकर प्रतीकात्मक रूप से वार्ड में भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान वार्ड वासियों ने भी हमारी मांग का समर्थन किया। कल दिनांक 18 जून 2025 को सायं 7ः00 बजे प्रवीर वार्ड, विजय वार्ड क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर दीप एवं मोमबत्ती जलाकर प्रकाश व्यवस्था का प्रतीकात्मक संचालन किया जाएगा। इस विरोध कार्यक्रम के माध्यम से महापौर एवं निगम प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया गया।इस कार्यक्रम में पार्षदगण,वार्डवासी, कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को राजेश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम जगदलपुर के नेतृत्व में किया जाएगा।

लौहनगरी किरन्दुल में भाजपाई बने भूमाफिया:राजू रेड्डी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

किरन्दुल, 18 जून। बस्तर का स्वर्ग कहे जाने लौहनगरी किरन्दुल में अब भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार आते ही गुंडाराज ने जगह ले लिया है । आये दिन नगर में मारपीट और हिंसा की खबरों से नगरवासियों में डर का माहौल है । गुंडागर्दी शहर में इस चरमसीमा पर पहुँच गयी है कि कभी भी कोई भी भाजपाई नेता कही भी हाथापाई करते नज़र आ रहा है । दबंगई ऐसी की जहाँ नजूल या गैर शासकीय ज़मीन दिखे तो वहां भाजपाई कब्ज़ा करते नज़र आ रहे है । किरंदुल नगरपालिका अंतर्गत एक जगह तो ऐसा भी है जो पालिका अध्यक्ष पति के नाम का नगर है । हाल ही में एक वाक्या को देखते हुए किरन्दुल नगर ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजू रेड्डी ने बयान जारी करते हुए कहा जो वीडियो वायरल हुआ है जिसमें नगर के कथित वरिष्ठ भाजपा नेता एवं आरएसएस नेता अतुल सिंह और भाजपा नेत्री मीरा तिवारी का वीडियो काफी वायरल हो रहा है जिसमे भाजपा नेत्री अपने ही पार्टी के आरएसएस नेता पर पत्थरो से पीटते हुए नज़र आ रही है और इस मामले में चश्मदीद रहे एक कथित पत्रकार अरुण शर्मा जो कि भाजपा नेत्री के दामाद भी है और स्वयं को समाजसेवी बताते है, वे इस पूरे मामले में बीच बचाव करने की जगह ईमानदारी से पत्रकारिता का फर्ज निभाते हुए वीडियो बनाते नज़र आए रहे है और सामने खड़े हो कर एक वरिष्ठजन को पत्थरो पिटता हुआ देख रहे है । इस पूरे वाक्ये में अगर नज़र डालें तो मामला ज़मीन विवाद का है । ज़मीन ऐसी जो नजूल ज़मीन की श्रेणी में आता है और जिस भूमि को शासन ने जरूरत पड़ने पर जनहित के इस्तेमाल के लिए रखा है उसे सत्ता पक्ष के लोग ही कब्ज़ा करने के लिए एकदूसरे पर पत्थरबाजी कर रहे है । शहर में इस गुंडाराज से नगरवासियों में डर का माहौल पैदा हो गया है कि कब कौन भाजपाई किसके घर घुस कर उसके ज़मीन पर कब्ज़ा कर ले । जानकारी के लिए बता दे कि किरंदुल नगरपालिका अंतर्गत अधिकांश भूमि या तो एनएमडीसी लीज़ क्षेत्र में आती है या फिर वन भूमि में । ऐसे में नगर के अधिकांश लोगों के पास घर ज़मीन का पट्टा नही है और सालो - सालो से अपना जीवन व्यतीत कर रहे है पर आज भाजपा की सरकार आते ही माहौल ऐसा बन गया कि अपनी दबंगई दिखाते हुए कोई भी भाजपा नेता कही भी ज़मीन करने लगा है । किरन्दुल नगर में भाजपाई नेता ही भूमाफिया बने हुए है । अगर कोई आवाज़ उठाये तो सारे भाजपाई मिल कर उसपर ताबड़तोड़ हाँथ चलाने लग जाते है और थप्पड़ मार के वीडियो बना कर उसपर कालिक पोतने जैसी मानसिक प्रताड़ना देने लग जाते है ।

कलेक्टर से पालिका अध्यक्षों ने युवाओं के लिए कोचिंग सुविधा की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

किरन्दुल, 18 जून। स्थानीय युवाओं के उज्जवल भविष्य और बेहतर रोजगार अवसरों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नगर पालिका परिषद किरंदुल की अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं बचेली नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजू जयसवाल ने संयुक्त रूप से जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा।इस पत्र के माध्यम से उन्होंने हस्ष्ट में चालू भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत एल-01 एवं एल 02 पदों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। पालिका अध्यक्षों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह प्रशिक्षण स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए न केवल एक तैयारी का माध्यम होगा, बल्कि उन्हें प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की दिशा में मजबूती भी प्रदान करेगा।पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने कहा स्थानीय युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो बस उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराने की। इस प्रकार की कोचिंग सुविधा उनके लिए एक नई दिशा का कार्य करेगी। ज्ञापन सौंपे जाने के पश्चात कलेक्टर महोदय ने आश्वासन दिया कि इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द ही किरंदुल एवं बचेली दोनों स्थानों पर कोचिंग सुविधा प्रारंभ की जाएगी।इस अवसर पर पार्षद श्रीमती लीना सोनी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी इस पहल को पूर्ण समर्थन दिया।यह मांग क्षेत्र के युवाओं के भविष्य निर्माण में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को उचित अवसर मिल सकेगा।

किसी भी निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी न हो

दंतेवाड़ा, 18 जून । जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने समय सीमा के एजेंडे के तहत कहा कि निर्माण कार्यों से जुड़े समस्त विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी अथवा समय सीमा में पूर्ण नहीं किए जाने वाले कार्य एजेंसियों को सूचीबद्ध करके नियमानुसार कार्यवाही करें। सर्व निर्माण एजेंसियां वसूली योग्य कार्यो के ठेकेदारों की जानकारी तथा निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी उपलब्ध करायेगें।

14 एकड़ सरकारी जमीन पटवारी ने दूसरे के नाम पर चढ़ा दी

बिलासपुर, 18 जून। कोटा विकासखंड के ग्राम तेंदुआ हलका नंबर 11 के पटवारी रेवती रमन सिंह पैंकरा का एक और फर्जीवाड़ा सामने आया है। 2015 के पंचसाला में खसरा नंबर 77 रकबा 11.748 हेक्टेयर (29 एकड़) के दस्तावेज में बदलाव कर 14 एकड़ को दूसरे के नाम पर चढ़ा दी। बाद में फर्जी नामांतरण आदेश के आधार पर संबंधित ने दूसरे को बेच दी। दस्तावेज के अनुसार 2015 के खसरा पंचसाला में मूल खसरा नंबर 77 का रकबा 11.748 हेक्टेयर (29 एकड़) था। रिकॉर्ड में यह बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज है।इसका भू स्वामी छत्तीसगढ़ शासन प्रबंधक कलेक्टर बिलासपुर हैं। पटवारी रेवती रमन सिंह पैकरा ने दस्तावेजों में कूटरचना कर खसरा नंबर 77 को चार टुकड़ों में विभक्त कर दिया। वर्तमान दस्तावेज में खसरा नंबर 77/1 शासकीय भूमि है। इसके रकबे को 6.0820 यानी 15 एकड़ दर्शाया गया है। वहीं खसरा नंबर 77/2 का रकबा 1.6200 हेक्टेयर (चार एकड़) है। इसे पटवारी रेवती रमन ने ज्योति पति किरण कुमार के नाम पर दर्ज कर दिया। इसी तरह खसरा नंबर 77/3 रकबा 2.0230 हेक्टेयर (पांच एकड़) है। यह मुपेश पिता सीताराम के नाम पर है।

हाथी ने मचाया उत्पात, घर में की तोड़ फोड़, लोगों ने भागकर बचाई जान

जशपुर, 18 जून। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के कांसाबेल वन परिक्षेत्र में हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है. नकबार गांव में हाथी ने ग्रामीण के घर में जमकर तोड़फोड़ की और अनाज को चट कर गया. इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।जंगली हाथी के इस उत्पात से पूरे गांवों में दहशत फैल गई है. वन विभाग ने मुनादी कराकर लोगों को जंगल की ओर न जाने की चेतावनी दी है. वहीं वन अमला हाथी के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं।

घोटाले में लिप्त पूर्व महापौर को न्यायालय ने किया तलब : सुशील मौर्य

जगदलपुर, 18 जून। आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में पूर्व महापौर सफ़िरा साहू द्वारा महापौर निधि में किए गए घोटाले को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जिसे बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित अन्य कोंग्रेस पदाधिकारियों के द्वारा संबोधित किया गया....

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कांग्रेस पार्टी ने आरटीआई के माध्यम से पूर्व महापौर सफ़िरा साहू के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था जिस पर माननीय न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए पूर्व महापौर को 20 जून को हाजिर होने का आदेश दिया है कुल मिलाकर कांग्रेस पार्टी जो कहती थी उस पर मोहर लगा दिया गया है पूर्व महापौर सफ़िरा साहू ने शहर के हर एक वार्डो में अखंड भ्रष्टाचार किया है कांग्रेस पार्टी ने इस भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश राय सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने एक लंबी लड़ाई लड़ी है जिसको लेकर न्यायालय में हमारे एडवोकेट संकल्प दुबे के द्वारा इस विषय पर कार्य कर अंजाम तक पंहुचाया गया जो भाजपा सरकार कहती थी आरोप लगाती थी उस पर ये कुछ नहीं कर पाए पर कांग्रेस पार्टी ने एक लंबी लड़ाई लड़ी और अब जो पूर्व महापौर सफ़िरा साहू पर जो भ्रष्टाचार के पुलिंदा खुलते जा रहे हैं तो क्या महापौर संजय पांडे पूर्व महापौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएंगे...? जो आम जनता का बंदरबाट पूर्व महापौर सफ़िरा साहू ने किया है इसको लेकर संजय पांडे का क्या स्टैंड है इसको उन्हें सार्वजनिक रूप से क्लियर करना चाहिए!... साथ ही किसी भी जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन द्वारा अगर भ्रष्टाचार किया जाएगा तो कांग्रेस पार्टी न्यायालय के माध्यम से सजा दिलाने का कार्य करेगी बस्तर में किसी अफसरशाही हावी नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस शासनकाल में बहुचर्चित जगदलपुर महापौर सफीरा साहू पर महापौर निधि के करोड़ों रुपयों के भ्रष्टाचार का मुद्दा यूं तो तत्कालीन मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने जोर-शोर से उठाया था, वर्तमान महापौर संजय पांडे उस दौरान सफीरा साहू को पैर के नाखून से लेकर सर के बाल तक भ्रष्टाचार में डूबे होना बताया था,पर पूर्व महापौर सफीरा साहू के भाजपा प्रवेश करते ही भाजपा ने इस बहुचर्चित महापौर निधि घोटाले को ठंडे बस्ते में डाल दी थी परंतु भाजपा के आरोपों की जांच और आरोपों को सिद्ध करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी और पूर्व निगम उप नेताप्रतिपक्ष राजेश राय ने आर टी आई के माध्यम से भ्रष्टाचार को उजागर किया और न्यायालय की शरण में पहुंचे,अब न्यायालय ने भी तथ्यों और सबूतों को ध्यान में रखते हुए पूर्व महापौर सफीरा साहू को आगामी 20 जून को न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया है कुल मिलाकर कांग्रेस ने अंजाम तक पंहुचाने का कार्य किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता संकल्प दुबे ने बताया न्यायलय के सामने हमने अपना पक्ष रखा था और नए कानून के एनएसएस में जो प्रोविजन है और इसके तहत जो अभियुक होता है उसे अपना पक्ष रखने का मौका मिलता है ।

सभापति कृषि स्थायी समिति की उपस्थिति में विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन

सुकमा, 18 जून। सभापति कृषि स्थायी समिति एवं जिला पंचायत सदस्य श्री सोयम भीमा की उपस्थिति में गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान का सफलतापूर्वक समापन हुआ। अभियान के अंतिम दिन ग्राम पंचायत चिंगावरम, नागारास, बोदारास, उरमापाल, मेड़वाही एवं नुलकातोंग में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में 800 से अधिक महिला एवं पुरूष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भी हिस्सा लिया। 15 दिन चले इस अभियान में कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में विकासखण्ड स्तरीय कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियोंएवं मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृषि मित्रों, सभी प्रगतिशील कृषकों जनप्रतिनिधियों, सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों का विशेष सहयोग प्रदान किया।विकासखण्ड कोंटा के ग्राम पंचायत मेड़वाही में सभापति, कृषि स्थाई समिति, जिला पंचायत सुकमा सोयमभीमा ने किसानों को मरहान जमीन में मोटे अनाजों की खेती करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, केसीसी, पीएम फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिले के उपसंचालक कृषि पी. आर. बघेल, मछली पालन से उपसंचालक डॉ उदय सवनक, उद्यानिकी विभाग से सहायक संचालक श्री हितेश नाग, सभी विभागों की टीम, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री एच. एस. तोमर, कीट व्याधि विशेषज्ञ श्री आर. पी. कश्यप व भूमि एवं जल संरक्षण अधिकारी श्री कैलाश कुमार मरकाम, सरपंच एवं सभी पंचों सहित करीब 235 किसान भाई बहनों ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे: प्रमुख सचिव

सुकमा, 18 जून। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव सुश्री निहारिका बारिक सिंह ने सुकमा जिले के गोंगला और केरलापाल पंचायतों का दौरा कर विकास एवं निर्माण कार्यों की वस्तुस्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से सीधी चर्चा कर उन्हें मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की स्थिति और शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त की। सुश्री बारिक ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत ग्रामीणों को इन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे। प्रमुख सचिव ने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और ग्रामीण आत्मनिर्भर बनें। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सुश्री बारिक ने गोंगला में पीएम आवास योजना की हितग्राही श्रीमती रामबती से उनके घर जाकर मुलाकात की। हितग्राही ने बताया कि उन्होंने आवास निर्माण हेतु सरकारी सहायता के साथ-साथ स्वयं की राशि भी जोड़ी है। वे पति-पत्नी के साथ आवास में निवास कर रही हैं और आजीविका का मुख्य साधन मजदूरी है। सुश्री बारिक ने हितग्राहियों की संतुष्टि को सराहते हुए इसे शासन की योजनाओं की सफलता का प्रमाण बताया। इसी प्रकार केरलापाल में भी उन्होंने पीएम आवास निर्माण की प्रगति देखी और हितग्राहियों से संवाद किया।

श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन नरसिंह अवतार की सुनाई कथा

सुकमा, 18 जून। स्वर्गीय ओम प्रकाश करेशिया शर्मा के प्रथम पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक रामकिशोर दधीच ने माता सती ने अपने पिता राजा दक्ष के यज्ञ में अपने पति भगवान शिव का अपमान होने,

भगवान नरसिंह अवतार और हिरण्यकश्यप की कथा व वामन भगवान के तीसरे पग का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक रामकिशोर दधीच ने कथा में बताया कि दक्ष ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था। इसलिए उन्होंने भगवान शिव को छोड़कर समस्त देवताओं को आमंत्रण भेजा था।भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती अपने पिता के यहां जाने की इच्छा जताई तो भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बनने की बात कही। इसके बाद भी सती नहीं मानी और पिता के घर चली गईं। पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित कर दिया। इसके बाद भगवान शंकर के दूतों ने यज्ञ स्थल को तहस-नहस कर दिया। माता सती के अग्नि में प्रवाहित होने के बाद तीनों लोको को भगवान शिव के कोप भाजन का शिकार होना पड़ा।कथा वाचक रामकिशोर दधीच ने बताया पूर्व काल में दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने ब्रह्माजी से वरदान प्राप्त कर तीनों लोकों को अपने अधीन कर लिया था। सृष्टि की रक्षा हेतु भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार धारण किया। कथा में भक्त प्रह्लाद की निष्ठा और भगवान की कृपा का प्रसंग सुनाया गया। प्रसंग के अनुसार, हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को हरि-भक्ति करने से रोकने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन प्रह्लाद की निष्ठा अडिग रही। एक दिन हिरण्यकश्यप ने पूछा कि तेरा हरि कहां है? प्रह्लाद ने उत्तर दिया, हरि कण-कण में विद्यमान हैं। दैत्यराज ने चुनौती दी कि यदि हरि हैं, तो इस खंभे से प्रकट हों। उसी समय, भगवान ने खंभे से प्रकट होकर नृसिंह अवतार धारण किया और हिरण्य कश्यप का वध कर प्रह्लाद की रक्षा की।कथा के दौरान उपस्थित भक्तजन भगवान की महिमा और प्रह्लाद की भक्ति सुनकर भाव विभोर हो गए। कथावाचक ने बताया कि कैसे राजा बलि ने वामन भगवान को तीन पग भूमि दान करने का वचन दिया था और वामन भगवान ने अपने दो पगों में ही तीनों लोकों को माप लिया। इसके बाद, राजा बलि ने अपने वचन का पालन करते हुए, तीसरे पग को अपने मस्तक पर रखने का निवेदन किया, जिसे वामन भगवान ने स्वीकार किया। जिसमें राजा बलि की दानवीरता और भगवान वामन के पराक्रम का वर्णन है। कथावाचक ने श्रोताओं को बताया कि किस प्रकार राजा बलि ने अपना सर्वस्व भगवान को समर्पित कर दिया। प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

इस दौरान कुशाला महाराज, भोमराज जैन, भीकमचंद राठी बंसीलाल नाहटा, ओम प्रकाश गांधी, मुरली गुप्ता, राजेंद्र बाफना, अशोक तपाड़िया, रामफेर सिंह राठौर, हुकमी चंद जैन, रावल मल भूतड़ा, नपा उपाध्यक्ष भुनेश्वरी यादव, मालती भदौरिया, शीतल प्रभा नर्मदा, ई भारती राव, दुर्गा तिवारी, पूर्णिमा तिवारी, ममता पलौड, किरण जैन, ऊषा, किरण जोपठ, सहित बड़ी संख्या श्रद्धालुजन शामिल हुए।

एक नजर

एक राष्ट्र-एक राशनकार्ड योजना के तहत राशन कार्डों में दर्ज सभी सदस्यों का ई-केवायसी जरूरी

रायगढ़, 18 जून। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजनांतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है।जिला खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कुल 3 लाख 31 हजार 582 राशनकार्ड प्रचलित है, इन राशनकार्डों में 10 लाख 55 हजार 278 सदस्य पंजीकृत है, इन सदस्यों में से 9 लाख 75 हजार 928 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है तथा 79 हजार 350 सदस्यों का ई-केवायसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी ई मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते हैं। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डों में पंजीकृत सभी जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून 2025 तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करावें।

एकलव्य आवासीय विद्यालय में रिक्त सीट पर लेटरल एन्ट्री से प्रवेश 30 जून तक

रायगढ़, 18 जून। जिले में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय रायगढ़ में 2025-26 में कुल 22 रिक्त सीटों पर लेटरल एन्ट्री के माध्यम से 30 जून 2025 शाम 5 बजे तक आवेदन मंगाए गए है।

इच्छुक विद्यार्थी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा, रायगढ़, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिसरिंगा धरमजयगढ़ एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हीरापुर लैलूंगा में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक 19 जून को करेंगी जनसुनवाई

रायगढ़, 18 जून। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक 19 जून 2025 को कलेक्टोरेट रायगढ़ के सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 5 बजे तक 20 प्रकरणों पर सुनवाई करेंगी।

थाना प्रभारी नशे के धंधे और अपराधों को सख्ती से रोकें:एसपी

गरियाबन्द, 18 जून। जिला क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने उपस्थित थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि वे पुराने प्रकरणों का समुचित निराकरण करें नशे के कारोबार पर शक्ति से अंकुश लगाए वहीं आम जनों के बीच अपने संपर्कों को बढ़ाकर संबंधों को मधुर बनाएं जिससे कि आपराधिक गतिविधियां आसानी से उन तक पहुंच सके और अपराध पर नकेल कसा जा सके। साथी बैठक में जिला के पांच पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के चलते अपराध पर रोक लगाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। माह मई में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी निरीक्षक अमृत साहू थाना राजिम को म्यूल खाताधारकों, जिला बदर, नये गुण्डे बदमाश की हिस्ट्री खोलने एवं 129 बीएनएसएस की कार्यवाही करने में विशेष भूमिका, निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा थाना प्रभारी मैनपुर को लूट,गांजा, बलात्कार के प्रकरणो के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी करने में विशेष भूमिका। इसी क्रम में आरक्षक जय कंसारी थाना देवभोग के द्वारा 56 किलो ग्राम गांजा को अपने मुखबीर से पकड़वा कर आरोपी की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका, आर. 154 सतीश गिरी गोस्वामी स्पेश टीम गरियाबंद के द्वारा 60 लाख के धोखाधड़ी एवं म्यूल खताधकों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका, आर. 295 कृतेश प्रजापति स्पेश टीम गरियाबंद के द्वारा 60 लाख के धोखाधड़ी एवं म्यूल खाताधकों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका रही। इस माह 05 अधिकारी कर्मचारियों को कॉप ऑफ द मंथ रहे। इस पहल के माध्यम से माह में सराहनी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। जिससे अधिकारी/कर्मचारियों में उत्साह बनी रहती है। यह पहल आगे भी जारी रहेगा।

जब्त पीडीएस चावल की नीलामी के लिए 25 जून तक मंगाए गई निविदा

रायगढ़, 18 जून। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के न्यायालीन प्रकरण में खाद्य अधिकारी रायगढ़ विरूद्ध मेसर्स तिरूपति राईस मिल्स प्रोप्राईटर श्री राजकुमार सिंघल पिता स्व.श्री शिवकुमार सिंघल, निवासी जूटमिल रायगढ़ के प्रकरण में आदेश पारित किया था। जिसके तहत जप्तशुदा पी.डी.एस.चावल 380 बोरा कुल वजन 187.14 क्विंटल को राजसात किया गया है। जिसकी नीलामी किया जाना है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि पी.डी.एस.चावल की नीलामी हेतु बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा के साथ 5 हजार रुपए की धरोहर राशि का चेक जिला खाद्य अधिकारी रायगढ़ के नाम से संलग्न किया जाना अनिवार्य है। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 जून 2025 सायं 5 बजे तक होगी। जिसके पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। जप्तशुदा पीडीएस चावल की कुल कीमत 3 लाख 55 हजार 566 रूपये निर्धारित की गई है। इससे कम दर पर प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने बिजली विभाग को मेंटनेंस का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए

रायगढ़, 18 जून। बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने बिजली तारों से लगे पेड़ों की छंटाई करने और मेंटनेंस का काम करने के निर्देश दिए हैं। मानसून में होने जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के द्वितीय चरण में प्लांटेशन ड्राइव को लेकर गड्ढों की खुदाई, पौधों की तैयारी के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बारिश शुरू होने को है, जल्द ही प्लांटेशन ड्राइव शुरू किया जाएगा। अत जरूरी इंतेजाम कर लिए जाएं।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।अवैध उत्खनन और परिवहन तथा ओवरलोड वाहनों पर करें नियमित कार्रवाईकलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

थाने में घुसकर पुलिस से की मारपीट, पालतू कुत्ते से कटवाया भी

जशपुर,18 जून। जिले के बगीचा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने आए प्रार्थी के साथ एक परिवार के लोगों ने धावा बोल दिया, उसके साथ जमकर मारपीट की गई। इतना ही नहीं बीच बचाव करने आए पुलिसकर्मियों को पालतू कुत्तों से कटवाया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन महिला व दो पुरुषों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दरअसल, जशपुर शशिमोहन सिंह ने बताया कि, बीती रात बगीचा का रहने वाला दीपक जयसवाल ने थाना में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने आया था। उसी समय आरोपी सागिर हुसैन, साबिर हुसैन, जाकिर हुसैन तथा उसके घर की महिलाएं थाना पहुंचकर थाना परिसर में ही प्रार्थी दीपक जयसवाल व उसके भाई और साथ आए व्यक्तियों के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करना शुरू कर दिए। मारपीट होता देख ड्यूटी में तैनात आरक्षक धनेश्वर राम ने मामला शांत कराने की कोशिश की। पिर क्या था, आरोपी उत्तेजित होकर आरक्षक धनेश्वर मिंज के साथ झूमा झटकी करने लगे जिससे आरक्षक गिर गया। बीच बचाव करने के लिए थाना के प्रधान आरक्षक लक्ष्मण सिंह राजकुमार पैकरा के साथ भी आरोपियों के द्वारा धक्का मुक्की की। इतना ही नहीं आरोपियों ने अपने पालतू कुत्ते को इशारा करते हुए, पुलिस वालो को काटने के लिए भी कहा। फिर क्या पालतू कुत्ते ने आरक्षक धनेश्वर राम के पैर में काट लिया, जिससे धनेश्वर राम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, मौके पर अन्य पुलिस स्टाफ के पहुंचने पर सभी आरोपी थाने से भाग निकले। हालांकि, पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विशेष टीम के द्वारा रेड कार्रवाई कर पांच लोगों को हिरासत में लेकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

टापर बच्चों को सीएम ने प्रोत्साहन राशि बांटी

रायगढ़, 18 जून। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गत दिवस राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में स्थान पाने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। जिसमें रायगढ़ जिले के मेधावी छात्रा कृतिका यादव एवं छात्र रौनित चौहान शामिल रहे। इस दौरान श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन एवं छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह उपस्थित रहे।सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत श्रीमती भानुकला यादव पति श्री सियाराम यादव एवं श्रीमती रेणू चौहान पति श्री ओमप्रकाश चौहान पंजीकृत हितग्राही है। जिसमें श्रीमती भानुकला यादव की पुत्री कु.कृतिका यादव एवं श्रीमती रेणू चौहान का पुत्र रौनिक चौहान जो कि जो कि छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में टॉप-10 में उत्तीर्ण हुये है। जिसमें कु.कृतिका कक्षा 12 वीं में छठवां स्थान प्राप्त की है एवं रौनित चौहान ने कक्षा 10 वीं में नवां स्थान प्राप्त किया है। जिन्हें रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने हाथों से 2-2 लाख का डेमो चेक वितरण कर श्रमिकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि तत्काल स्थानांतरित कर लाभांवित किया। इस दौरान कार्यालयीन कर्मचारी श्री सौरभ पाण्डे एवं रोशन पटेल उपस्थित रहें।

उल्लेखनीय है कि श्रम विभाग में मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा सहायता योजना एवं दो पहिया वाहन सहायता योजना संचालित है। उक्त योजनाओं हेतु हितग्राही के बच्चे को कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं में टॉप-10 में उत्तीर्ण होने पर उन्हें मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत राशि 1 लाख रुपए एवं दो पहिया वाहन सहायता योजना के तहत 1 लाख रुपए इस तरह कुल 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उक्त योजना हेतु हितग्राही का पंजीयन 90 दिवस पूर्व का होना अनिवार्य होता है।

वर्दी में आराम फरमाते वन विभाग के कर्मचारियों ने छलकाए जाम

जांजगीर-चांपा, 18 जून। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के बम्हनीडीह के खपरीडीह गांव की आरा मिल में वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा शराब पार्टी की गई। शराब पीते तस्वीर वायरल होने के बाद कर्मचारियों की डॉक्टरी जांच की गई, जिसमें 5 कर्मचारी द्वारा शराब पीने की पुष्टि हुई है। छ्व्नह्र हिमांशु डोंगरे ने कहा है कि मामले में कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों के द्वारा ड्यूटी के दौरान वर्दी में शराब पार्टी करने वन विभाग की जमकर किरकिरी हो रही है। दअरसल, खपरीडीह गांव की आरा मिल की जांच के लिए उड़नदस्ता टीम को भेजी गई थी, लेकिन वहां जांच की बजाय शराब पार्टी करते वन विभाग के कर्मचारी मिले। शराब पीते कर्मचारियों की तस्वीर वायरल होने के बाद वन विभाग में हड़कम्प मच गया है। मामले के तूल पकड़ने के बाद छ्व्नह्र हिमांशु डोंगरे ने कार्रवाई की बात कही है। अब देखना होगा, क्या कार्रवाई की जाती है ।

7 जुलाई तक जिले में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

रायगढ़, 18 जून। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले में मौसमी बीमारियों के साथ ही डायरिया से बचाव, रोकथाम एवं उपचार के साथ विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ देने हेतु जिले के विभिन्न ब्लॉकों में 7 जुलाई 2025 तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने जा रहा है।

सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत ने जानकारी देते हुए बताया कि डायरिया से बचाव, रोकथाम एवं उपचार के साथ डायरिया के प्रकरणों को सतत निगरानी किए जाने तथा डायरिया आउटब्रेक की दशा में प्रभावित क्षेत्र एवं उनके आसपास के संभावित क्षेत्रों में कैम्प लगाकर चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। शिविर में डायरिया, बीपी, शुगर, सिकल सेल, स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड के साथ जनरल चेकअप भी किया जाएगा। विकासखण्ड तमनार के चितवाही, घरघोड़ा के नवापारा टेण्डा, लैलूंगा के सलखिया एवं रायगढ़ के रियापारा चांदमारी वार्ड नंबर 8 में शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह 19 जून को पुसौर के एकताल, लोईंग के देलारी, खरसिया के तेलीकोट, घरघोड़ा के फगुरम, लैलूंगा के घटगांव, धरमजयगढ़ के हाटी एवं आमापाली तथा रायगढ़ के जेलपारा वार्ड नंबर 29 में शिविर आयोजित होंगे। 20 जून को पुसौर के तडोला, लोईंग के सरवानी, खरसिया के नहरपाली, तमनार के पाली, घरघोड़ा के चारभांठा, लैलूंगा के सुबरा, धरमजयगढ़ के दुर्गापुर, रायगढ़ के पूछापारा गोगोडीपा वार्ड नंबर 11 में, 21 जून को पुसौर के गोतमा, लोइंग के रेलवे लाईन किरोड़ीमल नगर, खरसिया के घघरा, घरघोड़ा के छर्राटांगर, धरमजयगढ़ के खम्हार, रायगढ़ के कौहाकुंडा वार्ड नंबर 25 में शिविर आयोजित होगी। 23 जून को पुसौर के लारा, लोईंग के सपनई एवं मौहापाली, खरसिया के गुरदा, तमनार के महलोई, घरघोड़ा के बटुराकछार, लैलूंगा के लारीपानी, धरमजयगढ़ के बकालो एवं रायगढ़ के सराईपाली वार्ड नंबर 43 में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। 24 जून को तमनार के आमगांव, लैलूंगा के तोलगे, धरमजयगढ़ के सिसरिंगा, 25 जून को पुसौर के गढ़उमरिया, लोईंग के टारपाली, भेलवाटिकरा, पण्डरीपानी, पण्डरीपानी पश्चिम, बायंग, खरसिया के बसनाझर, तमनार के राबो, घरघोड़ा के रूमकेरा, लैलूंगा के बसंतपुर, धरमजयगढ़ के चरखापारा, रायगढ़ के पतरापाली वार्ड नंबर 44 में शिविर आयोजित होगी। 26 जून को खरसिया के नंगोई, तमनार के जरेकेला, घरघोड़ा के चोटीगुड़ा, लैलूंगा के सोनाजोरी, धरमजयगढ़ के विजयनगर, रायगढ़ के राजीव गांधी नगर, 27 जून को खरसिया के बर्रा, घरघोड़ा के कया, लैलूंगा के मुकडेगा, 28 जून को पुसौर के औरदा, लोईंग के पतरापाली एवं कलमी, खरसिया के गोरपार, घरघोड़ा के देहजरी, धरमजयगढ़ के ओंगना एवं रायगढ़ के सरईभद्दर वार्ड नंबर 34 में शिविर का आयोजन होगा। 30 जून को पुसौर के नेतनागर, खरसिया के बोतल्दा, तमनार के उरबा, घरघोड़ा के पुसल्दा, लैलूंगा के झारआमा, धरमजयगढ़ के पखनाकोट एवं रायगढ़ के देवारपारा वार्ड नंबर 38 में शिविर का आयोजन होगा। 01 जुलाई को खरसिया के काफरमार, लैलूंगा के तुर्रा, 02 जुलाई को पुसौर के गोर्रा, तमनार के टांगरघाट, लैलूंगा के किलकिला, 03 जुलाई को पुसौर के बोंदा एवं तमनार के कुंजेमुरा, 5 जुलाई को पुसौर के बाराडोली एवं तमनार के कचकोबा एवं 7 जुलाई को पुसौर के पुसल्दा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

रायगढ़, 18 जून। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर चेंबर के बाहर प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा उपस्थित रहे।जनदर्शन में ग्राम बांधापाली के ग्रामीणों ने सोलर हाई मास्ट लाइट लगवाने आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम बांधापाली में एसईसीएल खदान खुलने के कारण बड़ी संख्या में बाहरी लोगों का आना-जाना लगा रहता है। अंधेरे के कारण चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है, वही रात में ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने 04 नग सोलर हाई मास्ट लाइट लगवाने का आग्रह किया। इसी प्रकार ग्राम कोतासुरा के ग्रामीण सार्वजनिक खेल मैदान एवं शासकीय भूमि अतिक्रमण हटाने की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कोतासुरा गोतमा मार्ग में पंचायत प्रस्ताव अनुसार खेल मैदान स्थित है साथ ही भविष्य में उक्त मैदान के समीप हाई स्कूल भवन हेतु भी आरक्षित है, परंतु इस वर्ष कुछ लोगों द्वारा प्रधान मंत्री आवास निर्माण बिना पंचायत प्रस्ताव के जबरदस्ती अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान के समीप शासकीय भूमि पर वृक्षारोपण हेतु भूमि को सुरक्षित करना आवश्यक है। उन्होंने भूमि अतिक्रमण हटाने की मांग की। इसी प्रकार विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत खेदापाली एवं आश्रित ग्राम बांधपाली के ग्रामीण सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गांव में लगभग 3 से 4 वर्ष पूर्व सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत खेदापाली के द्वारा प्रारंभ किया गया था, जो आज तक पूर्ण नहीं हुआ है। उन्होंने अधूरे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करवाने का आग्रह किया।

भीड़ वाले इलाके में कर रहा था गैस रिफिलिंग, गिरफ्तार

दुर्ग, 18 जून। दुर्ग बस स्टैंड के पास भीड़भाड़ भरे इलाके में गैस की रिफलिंग करने वाले दुकान संचालका को सिटी दुर्ग कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया आरोपी गैस रिफलिंग का काम कर रहा था उसके कब्जे से खाली और भरे कुल 46 सिलेंडर जप्त किए और 10 गैस कनेक्शन की पासबुक भी बारादम हुई मामले में पुलिस ने धारा 287 बीएनएस एवं 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत आरोपी प्रमोद शाह को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की गई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दुर्ग बस स्टेण्ड के सामने भोला बाबा गैस रिपेयरिंग की दुकान में काफी मात्रा में रसोई गैस का सिलेण्डर रखा है। दुकान में छोटे सिलेण्डरो में नोजल लगाकर अवैध रूप से गैस भरी जा रही है। आसपास में अन्य दुकानें एवं भीड भाड वाला रिहायशी इलाका होने से बडी घटना के संभावना हमेशा बनी रही है।इसके चलते तत्काल मौके पर टीम को भेजा गया। दुकान के अंदर चेक करने पर एक बडे गैस सिलेण्डर से दूसरे छोटे गैस सिलेण्डर में नोजल लगाकर गैस भरी जा रही थी। इसके अलावा काफी मात्रा में अलग-अलग कंपनी के भरे गैस सिलेण्डर मिले इस पर दुकान संचालक प्रमोद शाह पिता बैधनाथ शाह (44 साल) निवासी एलआईजी 640 पद्मनाभपुर को नोटिस देकर रिफलिंग के दस्तावेज मांगे गए इसके दुकान संचालक कोई वैध दस्तावेज नहीं उपलब्ध करा सका। इस पर आरोपी प्रमोद शाह के कब्जे से 14.2 किग्रा के 10 भरे हुए इंडेन और 10 एचपी गैस सिलेंडर , एक भारा हुआ भारत गैस सिलेंडर, 3 एचपी के खाली गैस सिलेंडर, 19 किग्रा के 3 भरे एवं 5 खाली इंडेन के कमर्शियल गैस सिलेंडर, 5 किग्रा की 8 भरी और एक खाली इंडेन गैस सिलेंडर, 4 किग्रा के 4 भरे और 2 खाली प्राइवेट गैस सिलेंडर समेत कुल 46 छोटे-बड़े विभिन्न कंपनियों के सिलेंडर मिले इसके अलावा आरोपी के कब्जे से 10 गैस बुक कार्ड और पीतल नोजल मिली

नशेड़ी बेटे ने दुकान में घुसा दी बाइक और पिता पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला

बलौदाबाजार,18 जून। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार के भीड़भाड़ वाले सदर बजार में नशेड़ी बेटे ने अपने पिता पर दुकान में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया. आरोपी युवक ने चाकू से लगातार हमला किया, जिसे बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई है. आरोपी युवक पेशे से शिक्षक है. इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है. मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, घटना के वक्त नरेंद्र सिंह चावला (70 साल) अपनी दुकान पर मौजूद थे. अचानक उनका बेटा अमरजीत चावला बाइक पर आया और शीशे पर वार करने लगा. वह बाइक लेकर अंदर घुसा और चाकू निकलकर अपने पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिया. घायल बुजुर्ग के शरीर पर खून बहने लगा. परिजनों ने उन्हें घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के बाद अब उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंची। जांच के बाद आरोपी युवक अमरजीत को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (ब्3हस्) की धारा 109 (हत्या के प्रयास) के तहत कार्रवाई की गई है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.डीईओ हिमांशु भारतीय ने बताया कि अमरजीत चावला नाम का शिक्षक, पहले से ही अन्य मामलों में निलंबित चल रहा है. अब जानकारी आई है कि उसने अपने पिता पर जानलेवा हमला किया है. कोर्ट से जो आदेश जारी होगा, उसके आधार पर विभागीय कार्रवाई करेंगे. बच्चों और दूसरे शिक्षकों की सुरक्षा के लिए ऐसे शिक्षक को बहाल करने से पहले 10 बार सोचेंगे. कोशिश रहेगी कि ऐसे शिक्षक को बर्खास्त किया जाए।

धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष के तहत जागरूकता अभियान की हुई शुरुआत

रायगढ़, 18 जून। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय गांवों तथा आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के संतृप्ति शिविर लगाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। रायगढ़ जिले में संचालित योजना पीएम-जनमन की भांति अनुसूचित जातियों के बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित किए जा रहे 25 गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है।जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत 316 ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत 120, लैलूंगा में 77, तमनार में 42, खरसिया में 25, घरघोड़ा में 37, पुसौर में 5 एवं रायगढ़ में 10 ग्राम शामिल है, जिसमें कुल 42 शिविरों का आयोजन 30 जून 2025 तक किया जाएगा। जिसके तहत जिला स्तर पर आईईसी कैम्पन का आयोजन 17 से 20 जून 2025 तक किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड/ग्राम पंचायत स्तरीय आईईसी कैम्प 17 से 30 जून तक आयोजित किया जाएगा।शिविर में अनुसूचित जनजातीय वर्ग के परिवार, सदस्यों का तत्कालिक गतिविधियां अंतर्गत आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा (वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन), रोजगार एवं कौशल विकास अंतर्गत योजना का यथा संभव मौके पर पंजीयन किए जाएंगे।

ट्रांसपोर्टर ने तहसील कार्यालय में की आत्मदाह करने की कोशिश, मचा हड़कंप

भानुप्रतापपुर,18 जून। तहसील कार्यालय परिसर में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक शख्स नारा लगाता हुआ दौड़ते हुए आया और खुद पर कुछ उड़ेलते हुए आग लगाने की कोशिश कर रहा था। पल भर की देरी होती, तो एक ज़िंदा इंसान आग की लपटों में घिर जाता। आत्मदाह की कोशिश करने वाला व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि बीते 21 दिनों से धरने पर बैठे ट्रांसपोर्टरों में से एक था, जो प्रशासन और खदान प्रबंधन की बेरुखी से इस कदर टूट चुका था कि अपनी जान की बाज़ी लगाने को तैयार हो गया। इस घटना से पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। यह मामला कांकेर जिले भानुप्रतापपुर का है।जानकारी के अनुसार, ग्राम कच्चे स्थित आरी डोंगरी लौह खदान से परिवहन कार्य की मांग को लेकर परिवहन संघ लगातार धरने पर बैठा है। आंदोलनकारियों की मांग है कि खदान से माल परिवहन का कार्य स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को ही दिया जाए। इस मुद्दे को लेकर अब तक दो बार जिला प्रशासन और हीरा ग्रुप प्रबंधन के साथ बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। इसी अनदेखी और लंबे इंतजार से नाराज़ होकर मंगलवार को धरना स्थल से परिवहन संघ का सदस्य श्याम शुक्ला तहसील कार्यालय पहुंचा और वहां आत्मदाह करने का प्रयास कियाश्याम शुक्ला द्वारा आत्मदाह की तैयारी करते ही वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और अन्य ट्रांसपोर्टरों ने उसे रोक लिया और समय रहते आग लगाने से पहले ही उसे काबू कर लिया गया। इस घटना से तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पुलिस अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और शुक्ला का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी धरना स्थल पर पहुंचीं और श्याम शुक्ला से मुलाकात कर हालचाल जाना। साथ ही उन्होंने सभी से ऐसे आत्मघाती कदम नहीं उठाने का निवेदन भी किया। इस मामले पर प्रशासन और हड़ताल से जुड़े लोग कुछ कहने से बचते हुए दिखे।

कलेक्टर ने शेष लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश

महासमुंद 18 जून । कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 6 बजे स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य योजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीजों का बेहतर इलाज हमारी पहली प्राथमिकता है। चिकित्सक मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं। मोतियाबिंद, क्षय व कुष्ठ रोगियों का अनिवार्य रूप से पंजीयन करें एवं उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में विभाग द्वारा चलाए जा रहे समस्त कार्यक्रमों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए है। साथ ही सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को मुख्यालय में ही रहकर कार्य संपादित करने के निर्देश दिए है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस. आलोक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया, डीपीएम नीतू धृतलहरे, एवं सभी बीएमओ, समस्त नोडल अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर ने इस दौरान शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर सुपरवाइजरों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अभियान चलाकर डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने कहा। उन्होंने वय वंदन कार्ड निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिले में 993181 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 87 प्रतिशत है। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान मातृत्व और शिशु मृत्यु दर पर कमी लाने के लिए प्रेगनेंसी के दौरान ही अतिरिक्त देखभाल करने के निर्देश दिए।

डॉ.खुमान व थाना प्रभारी ने पुलिस मितान टी शर्ट का वितरण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 18 जून। सड़क सुरक्षा मितान कार्यक्रम थाना तिल्दा नेवरा परिसर में सड़क सुरक्षा मित्र थाना तिल्दा नेवरा से जुड़े मित्रो का कार्यक्रम रखा गया एवं एवं पुलिस मितान ञ्ज शर्ट का वितरण डाक्टर खुमान वर्मा एवं थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा द्वारा किया गया। आपको बता दे की तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के 22 गावों में 118 पुलिस मितान मित्र बनाये गए है। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की तत्काल सहायता के लिए अब राहगीरों की भूमिका अहम होने जा रही है. सड़क सुरक्षा मितान नाम की इस योजना के तहत जिले में एक नई व्यवस्था लागू की गई है, जिले के सभी थानों के अंतर्गत सड़क किनारे आने वाले गांवों में पुलिस मितान नियुक्त किए जा रहे है. ये पुलिस मितान सड़क किनारे बसे गांवों के सामान्य नागरिक होंगे, जो सड़क दुर्घटना के समय सबसे पहले मौके पर पहुंचकर घायलों को मदद करेंगे साथ ही पुलिस को सूचना देते हुए नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु सूचित करेंगे। पुलिस मितान सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति का सहयोग करेंगे और इसकी सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना और अस्पताल को देंगे.।एम्बुलेंस सहायता की व्यवस्था करेंगे और जरूरत पड़ने पर डायल 108 और 112 जैसे आपातकालीन नंबरों का इस्तेमाल कर दुर्घटना की जानकारी संबंधित विभागों तक पहुंचाएंगे.

थाना प्रभारी सत्यम सिंह श्याम ने कहा की यह पहल न केवल दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद करेगी बल्कि आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी फैलाएगी. पुलिस मितान सड़क सुरक्षा मित्र स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे. सड़क सुरक्षा मितान योजना जिला पुलिस की एक सशक्त सामाजिक पहल है, जो लोगों को जोड़कर सड़क सुरक्षा मितान से दुर्घटना में कमी लाना है।

संभव ट्यूब प्राइवेट लिमिटेड उद्योग केसदा की जनसुनवाई

ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग की

■ प्रबंधन ने क्षेत्र में किया विकास का वादा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 18 जून। प्रस्तावित संभव ट्यूब प्राइवेट लिमिटेड उद्योग केसदा की जनसुनवाई में ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग के साथ उद्योग लगाने के लिए लगभग 90 से 95 ग्रामीणों ने अपनी सहमति दी। प्रबंधन ने क्षेत्र में किया विकास का वादा। जनसुनवाई अपर कलेक्टर दीप्ति गौते की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई । किसी अप्रिय घटना से बचाव हेतु भारी संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था थी। जनसुनवाई शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अनुविभाग एवं तहसील सिमगा के अंतर्गत ग्राम केसदा में प्रस्तावित संभव आयरन उद्योग स्थापना के संदर्भ में आज 16,जून को प्रातः 11,बजे से ग्राम नेवधा में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर द्वारा एक विशाल ग्रामीण जन समुदाय के बीच पर्यावरणीय लोक सुनवाई आयोजित हुई ।जनसुनवाई के दौरान उपस्थित उच्चाधिकारियों एवं मेसर्स संभव प्रबंधन ने ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना तथा उनके समस्याओं व विकास के निराकरण हेतु ग्रामीणों एवं प्रबंधन के बीच लगभग सहमति बनी। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि यहां पर्यावरण के अधिकारी भी बैठे हैं वे इस बात का विश्वास जनता को दिलाये की फैक्ट्री के द्वारा शासन के पर्यावरण नियम का पालन किया जाएगा साथ ही पर्यावरण विभाग द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जाए। जिला प्रशासन इस बात का ध्यान रखें कि उद्योग के सी एस आर की राशि द्वारा किए जाने वाला विकास की राशि को अन्य स्थानों में न लगा कर हमारे गांव एवं आस पास के विकास के लिए व्यय करे। ग्रामीण जनों ने प्रबंधन से कहा की संबंधित उद्योग गांव और आस पास के क्षेत्र में सांस्कृतिक, खेल, स्वस्थ, शिक्षा, अधो संरचना विकास में भरपूर सहयोग प्रदान करे।

एक नजर

बीएनबी हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

तिल्दा-नेवरा, 18 जून। स्थानीय बी एन बी हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा बीजेपी के नेता रायपुर ग्रामीण के महामंत्री अनिल अग्रवाल जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद पालिका की पार्षद सभापति शिक्षा स्वास्थ्य समिति रानी सौरभ जैन डाक्टर लक्ष्मण साहू पंडित गणेश शर्मा आनंद शर्मा सहित विद्यालय के प्राचार्य राजेश चंदानी सहित शिक्षक छात्र छात्राएं पालक उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने नए छात्राओं का तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक भेंट की और सभी ने शुभ कामना दी।

15अगस्त तक मत्स्य आखेट प्रतिबंधित,उल्लंघन करने पर 10 हजार रुपए जुर्माना

बलौदाबाजार, 18 जून। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु के रुप में घोषित किया गया है। जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों में नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योगाभ्यास शुरू

बलौदाबाजार, 18 जून। विश्व योग दिवस 2025 की तैयारी के तहत संचालनालय, आयुष, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार आयुष विभाग बलौदाबाजार के अंतर्गत संचालित 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) तथा आयुर्वेद औषधालय में 5 दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार 17 जून से शुरू हो गया है। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि जिले के डमरू, खम्हरिया, निपनिया, दामाखेड़ा, रावन, मोहरा, देवसुन्द्रा, दतरेंगी, सिरियाडीह, कसडोल, रिकोकला, टुण्डरा, सलिहा एवं परसाडीह में विभाग के योग प्रशिक्षिकों द्वारा जनसामान्य को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिस का लाभ कोई भी ग्रामवासी ले सकता है। इन योग शिविरों का समापन 21 जून को विश्व योग दिवस के दिन होगा। इसके बाद भी योग सीखने या योगाभ्यास के इच्छुक जन इन 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में चलने वाले प्रतिदिन योग प्रशिक्षण में निरंतर भाग ले सकते है।

मुख्यमंत्री ने परिवहन सुरक्षा बेड़े में शामिल 48 वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना

सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : साय

■ मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग के कर्मियों को सौंपी वाहनों की चाबी

रायपुर, 18 जून। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारी सरकार सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। परिवहन और यातायात सुरक्षा में लगे उड़नदस्ता दल को 48 नवीन वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी, यातायात सुगम होगा और लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। श्री साय आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर परिवहन विभाग के निरीक्षकों को इन वाहनों की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नवीन शासकीय वाहनों की मदद से परिवहन उड़नदस्ता दल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उड़नदस्ता दल की कार्यक्षमता में वृद्धि, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, सुरक्षा मानकों का बेहतर क्रियान्वयन और यातायात व्यवस्था में सुधार व अनुशासन बनाए रखने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी परिवहन दस्ते की निगरानी और पहुंच सुनिश्चित होगी।

ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील

मुख्यमंत्री श्री साय ने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने और ट्रैफिक नियमों का पालन कर दूसरों के जीवन की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही हम एक सुरक्षित, संयमित और संवेदनशील सड़क परिवेश का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील भी की। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, सचिव सह परिवहन आयुक्त श्री एस. प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर सहित परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल फरार 1 आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस टीम ने फरार आरोपी नोबिल नवरंग को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 18 जून। घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना पर से थाना सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में कुल 14 अपराध दर्ज किया गया है। साथ ही घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी भी लगातार जारी है। उक्त घटना के संबंध प्राप्त वीडियो फुटेज, सीसीटीवी फुटेज, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त फोटो एवं वीडियो, गवाहों से पूछताछ के आधार पर बलौदाबाजार आगजनी एवं तोड़फोड़ की घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त घटना में फरार आरोपियों के छिपने के संभावित ठिकाने पर पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। इसके अलावा साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी फरार आरोपियों के संबंध में लगातार पताशाजी की जा रही है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़, आगजनी घटना में शामिल 01 आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी घटना दिनांक से फरार था तथा गिरफ्तारी के डर से लगातार अपना पता ठिकाना बदल रहा था। पुलिस टीम द्वारा भी उक्त आरोपी की गतिविधियों पर लगातार निगाह रखी जा रही थी। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर उक्त घटना में शामिल आरोपी नोबिल नवरंग को हिरासत में लिया गया है।

कृषि विभाग की टीम ने किया आदान विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

■ कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की हिदायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 18 जून। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान जैसे उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग में पदस्थ निरीक्षकों द्वारा लगातार छापामार की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के विभिन्न विकासखंडों में निरीक्षकों द्वारा कीटनाशक उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा विक्रय केंद्रों को नियमानुसार उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय करने हेतु समझाइए दी गई। किसी भी स्थिति में कालाबाजारी न करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। विकासखंड बलौदा बाजार के ग्राम सरखोर में संचालित साईं कृषि केंद्र, अक्षांश ट्रेडर्स एवं इंद्र कृषि केंद्र, विकासखंड भाटापारा में साहू कृषि केंद्र, तरेंगा तथा विकासखंड कसडोल में रवि कृषि केंद्र तथा मनीष कृषि केंद्र टुंडरा का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। वर्तमान में बीज एवं डीएपी की कमी के कारण नकली बीज एवं खाद विक्रय, जमाखोरी एवं कालाबाजारी के संभावना को देखते हुए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को सहायक सामग्री का वितरण किया

सिमगा, 18 जून। विकासखंड स्त्रोत केंद्र सिमगा में विकास खंड अंतर्गत अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को सहायक उपकरण व शैक्षिक शिक्षण सामाग्री का वितरण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सी. एस. ध्रुव तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक किरण कुमार वर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को निम्नानुसार सहायक सामाग्री का वितरण किया गया जिसमें प्राथमिक शाला करही से चंद्रकला यादव को व्हील चेयर, प्राथमिक शाला हथबंद से कान्हा साहू एवं प्राथमिक शाला सीतापार से कृष रात्रे को एम आर कीट, प्राथमिक शाला सुहेला से रणवीर वर्मा एवं प्राथमिक शाला पड़कीडीह से दीप्ति देवांगन को श्रवण यंत्र, पूर्व माध्यमिक शाला गोरदी से देवकुमार साहू को लो विज़न किट एवं पूर्व माध्यमिक शाला करहुल से हीरा बारले को वॉकर एवं बैसाखी प्रदान किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोंडागांव (छ0ग0)

ईश्तहार

ई-कोर्ट क्रमांक / 2025062009000011
अ-2/2024-25
ग्राम-कोण्डागांव, प.ह.न. 15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गुप्तेश्वर साहू पिता लवेन्द्र साहू, जाति तेली, निवासी डी.एन.के. कॉलोनी कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव के नाम पर ग्राम कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 478/8 रकबा 0.072 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छांयाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 30/06/2025 तक मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोण्डागांव

मुहर

वृद्धाश्रम में बुजुर्गो ने किया योगाभ्यास

बलौदाबाजार, 18 जून। योगाभ्यास के साप्ताहिक कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 15 जून से 21 जून तक विभिन्न संस्थानों में योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित श्री वाटिका वृध्दाश्रम बलौदाबाजार में बुजुर्गो को योगाभ्यास प्रतिदिन कराया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम ने बताया कि श्री वृद्धाश्रम के साथ ही नशामुक्ति केन्द्र एवं मनोविकास केंद्र में प्रातः योगाभ्यास कराया जा रहा है।योगाभ्यास से वे उत्साहित है एवं प्रफुल्लीत महसूस कर रहे है। इसी तरह जिले के विभिन्न स्थान पर आयुष विभाग द्वारा भी योग प्राणायाम कराया जा रहा है। यह योग का महाकुम्भ 21 जून तक चलेगा परन्तु योग को प्रत्येक दिवस करना ही उद्देश्य है एवं जीवनचर्या को सही दिशा में ले जाना ही योग का वास्तविक उद्देश्य है। योग करने से शारीरिक एवं मानसिक शांति मिलती है जो जीवन को सहज और सरल बनाती है।

NOTICE

Uls. |w OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932

Notice is hereby given that constitution of the Firm name and styled as "M\s. DEEPAK ELECTRONICS at shop no. 59, Shahid Smark Building, Rajbandha Maidan, G.E.Road, Raipur has changed Smt. Rajkumari Variyani wio. Late Shri Balchand Varlyani has withdraw her partnership and Shri Mayank Varlyani slo. Shri Deepak Varlyani and Shri Yash Varlyani slo. Shri Deepak Varlyani admitted as New Partners w.e.f. 16th day of JUNE 2025 in above named Partnership Firm M\s. DEEPAK ELECTRONICS, RAIPUR.

M/s Deepak Electronics
(Nitin Varlyanmartner
PARTNER

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2025/326/99 भिलाई, दिनांक 16/06/2025

// स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगाः-

क्र.	हस्तांतरणकर्ता का नाम	हस्तांतरिती का नाम	हस्तांतरण का स्वरूप	संपत्ति की स्थिति
1	स्व. ए.ए. काले आ. आनंद अच्यूत काले से 1. अद्वैत ए. काले, आ. स्व. ए.ए.काले, 2. श्रीमती भाग्यश्री काले, ध.प. स्व.ए.ए. काले, निवासी- एम.आई.जी. 1/810, आमदी नगर, हुडको भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)	श्रीमती अनिता यादव, ध.प. श्री राजनाथ यादव, निवासी ब्लॉक क्र. 27/बी, सड़क क्रमांक-07, सेक्टर-1 भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)	बिक्रीनामा	आमदी नगर हुडको निलाई हुडको आवासीय योजना) शहीद कौशल यादव नगर उत्तर वार्ड क्रं.-70, खसरा ?? 1/2 एवं 2/2 का भाग, भूखंड भवन कं.-एम.आई.जी. 1/810, क्षेत्रफल- 150 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित।
2	श्रीमती भगवती ध.प सुन्दरलाल साहू निवासी भिलाई रुआबांधा सेक्टर, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)	1. सुन्दरलाल गुरूपंचायन पिता स्व. रघुराम, 2. दुर्गेश कुमार गुरूपंचायन पिता सुन्दरलाल गुरूपंचायन, 3. अमित कुमार गुरूपंचायन पिता सुन्दरलाल गुरूपंचायन, 4. अनुराग गुरूपंचायन पिता सुन्दरलाल गुरुरूपंचायन, सभी निवासी-बजरंग पारा कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)	वारिसान	कोहका, वार्ड नं.- 12, बजरंग पारा कोहका भिलाई, खसरा नं 1522/3. रकबा 0.02 हे. आवासीय भवन निर्मित।
3	"चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली), अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर श्री अजय चौहान आ. श्री विपत स्व. उर्फ दीपेश्वर चौहान, मोहल्ला/गांव/कॉलोनी- राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से 1. स्व. श्री हरिहर पंडा आ. श्री सुरेन्द्र नाथ पंडा, 2. श्रीमती संगीता पंडा, पति श्री हरिहर पंडा, मोहल्ला/ गांव/कॉलोनी-MIG-II/342, हुडको भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)	1. श्रीमती संगीता पंडा, पति श्री हरिहर पंडा, 2. दिव्यांशी पंडा पिता स्व. श्री हरिहर पंडा, 3. निलांशी पंडा पिता स्व. श्री हरिहर पंडा, सभी निवासी फ्लैट नं 01, ब्लाक-E2, प्रथम तल, वार्ड नं. 01, "चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली), खम्हरिया व जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)	बिक्रीनाम/ वारिसान	वार्ड नं.- 01. "चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली), खम्हरिया व जुनवानी भिलाई. फ्लैट नं. 01. ब्लाक -E2. ब्लाक प्रथम तल, क्षेत्रफल 501.99 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।
4	स्व. कृष्ण कुमार दुबे पिता मनमोहन दुबे, निवासी वैशाली नगर कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)	1. योगेश दुबे आ. स्व. कृष्ण कुमार दुबे, 2. धीरेश दुबे पिता स्व. कृष्ण कुमार दुबे, 3. आशालता दुबे पति स्व. कृष्ण कुमार दुबे, निवासी रामनगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)	वारिसान	वार्ड नं.- 19, रामनगर सुपेला भिलाई. खसरा नं. 8673/2, रकबा 0.0100 है, आवासीय भवन निर्मित।
5	राजेश्वर प्रसाद राठौर, पिता श्री एफ एल राठौर, निवासी 28. टाईप 03, सेक्टर 05 बी, विद्या मंदिर स्कूल, सेक्टर 05. बी.एच.ई.एल हरिद्वार, उत्तराखंड	श्रीमती रश्मि पैकरा, पति श्री युवराज पैकरा, निवासी वार्ड नं. 51. पचपेडी नाका, न्यू लक्ष्मी नगर, रिलायंस टावर के पास, जिला रायपुर (छ.ग.)	बिक्रीनामा	खम्हरिया, वार्ड क्र. 02, स्मृति नगर वार्ड (चौहान ग्रीन वैली) (चौहान हाउसिंग प्रा.लि., खम्हरिया) जुनवानी भिलाई, फ्लैट नं.- 09 (द्वितीय तल), ब्लाक नं. डी 09, क्षेत्रफल-663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।

उपायुक्त (संपत्तिकर)
नगर पालिक निगम भिलाई

जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक आयोजित

खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन सख्त

■ राजस्व,पुलिस,वन,खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम करेगी कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 18 जून। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री सोनी ने जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी एवं कार्यवाही हेतु राजस्व,पुलिस,वन,खनिज और परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक जिले के रेत खदानों से रेत निकासी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। केवल भंडारित क्षेत्र से रेत का परिवहन रायल्टी पर्ची के साथ कर सकते हैं। सभी सम्बधित विभाग आपसी समन्वय कर ठोस कार्रवाई करें। इसीतरह गौण खनिजो के खदान का निरीक्षण एवं अवैध उत्खनन व परिवहन पाए जाने पर पट्टेधारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में गौ ण खनिज साधारण रेत के नये खदानों को चिन्हित करने नीलामी करने, उत्खनिपट्टा स्वीकृति, गौ ण चुना पत्थर का ऑक्शन के माध्यम से आबंटन, रेत के भण्डारण अनुज्ञा पत्रों का निरीक्षण, माइनिंग सर्विलांस सिस्टम के तहत चिन्हित ट्रिगर का सत्यापन आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया की वित्तीय वर्ष 2024 -25 में गौण खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के 649 प्रकरणों में से 647 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के 450 मामलों में 14448370 रुपये समझौता राशि जमा कराया गया है। बैठक में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील, सभी एसडीएम, उप संचालक खनिज प्रशासन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों अधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

शोरूम के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर, 18 जून। सरोना स्थित किया शोरूम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष साहू 20 वर्ष साहूपारा गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 1494 को सरोना स्थित किया शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मवेशियों को कत्लखाना ले जाते चालक गिरफ्तार

रायपुर, 18 जून। खरोरा पुलिस ने कत्ल खाना ले जाते युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 नग मवेशियों को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सारागांव खरोरा के पास दबिश देकर माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 7848 को रोककर तलाशी लिए तो उसमें से 15 मवेशियों को जब्त किया है। पूछताछ में चालक ने कत्लखाना ले जाना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर, 18 जून। आरंग पुलिस ने पंचमुखी हथबंधा तालाब के पास जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती व नकदी 10700 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंचमुखी हथबंधा तालाब के पास सार्वजनिक स्थान के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी अर्जुन साहू 24 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 10700 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

घर से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर, 18 जून। चंदन किराना स्टोर्स के पास संतोषी नगर स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 12 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जानकी सोनी 50 वर्ष चंदन किराना स्टोर्स के पास संतोषी नगर टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के खुले दरवाजे से प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 12 हजार, सोने-चांदी के जेवर व 2 नग मोबाइल पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आमासिवनी बस्ती में अब जलभराव की समस्या नहीं आएगी

रायपुर, 18 जून। रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 के क्षेत्र के अंतर्गत आमासिवनी बस्ती क्षेत्र का पानी स्वर्णभूमि के कॉलोनाइजर द्वारा बाउंड्रीवाल बनाने से बस्ती के बाहर एकत्रित हो रहा था, इससे आमासिवनी बस्ती क्षेत्र में जलभराव की समस्या आ जाती. इसे देखकर नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय ने स्वर्ण भूमि के सम्बंधित कॉलोनाइजर से बात कर उनसे स्वर्ण भूमि की जमीन से भरा हुआ एकत्रित हुआ पानी निकास करने रास्ता नगर निगम जोन 9 टीम से निकलवाया। इससे अब बारिश में आमासिवनी बस्ती क्षेत्र में जल के भराव की समस्या नहीं आएगी।

93 पौवा अवैध शराब के साथ निगरानी बदमाश गिरफ्तार

रायपुर, 18 जून। राजधानी पुलिस ने 93 पौवा अवैध शराब के साथ निगरानी बदमाश प्रदीप तिवारी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 17.06.25 को थाना खमतराई को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत डेरापारा रावाभाठा में एक व्यक्ति अपने पास थैले में शराब रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर रेड कार्यवाही कर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति को पकड़ा गया जो थाना खमतराई के निगरानी बदमाश प्रदीप तिवारी होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से 93 पौवा देशी मशाला की 9300 रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

शरारती तत्वों ने घर के बाहर खड़ी बाइक को किया आग के हवाले

रायपुर, 18 जून। एकता गली आमापारा के पास खड़ी बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने अइाग के हवाले कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्यामा देवी यादव 45 वर्ष एकता गली आमापारा निगम कालोनी आजाद चौक की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया के लड़के के बाइक क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 5915 को आग के हवाले कर दिया।

राज्य को इसी माह में मिलेंगे सीएस एवं पूर्णकालिक डीजीपी

मुख्यमंत्री लेंगे अंतिम फैसला ■ अमिताभ जैन का कार्यकाल बढ़ाने पर विचार

रायपुर,18 जून। छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन इस माह के अंत में अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। इसलिए नए मुख्य सचिव की तलाश तेज हो गई है। इधर डीओपीटी ने डीजीपी के पैनल को मंजूरी दे दी है। अरूण देव गौतम का नया डीजीपी बनना तय माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में स्थायी मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति को लेकर कवायद चल रही है। बताया जाता है कि वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो गया है। वे इस माह के अंत में अवकाश ग्रहण कर लेंगे। वर्तमान में एसीएस सुब्रत साहू, ऋचा शर्मा, रेणु पिल्ले, मनोज पिंगुआ इस दौड़ में शामिल है। अन्य सूत्रों के अनुसार अमिताभ जैन का कार्यकाल साफ-सुथरा होने के कारण उनके कार्यकाल को बढ़ाया जाना निश्चित माना जा रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री अंतिम फैसल लेंगे।

- छत्तीसगढ़ में स्थायी मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति को लेकर कवायद चल रही है

अरुण देव गौतम का नया डीजीपी बनना तय

भारत शासन के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक के मापदण्ड में अरूण देव गौतम खरे उत्तर रहे हैं। नए डीजीपी का कार्यकाल दो वर्ष होगा। लेकिन वे 18 माह बाद वे अवकाश ग्रहण कर लेंगे। इसके कारण उन्हें दो माह का कार्यकाल बढ़ाना होगा। वहीं हिमांशु गुप्ता पहले अवकाश ग्रहण कर लेंगे। शासन द्वारा इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। राज्य में मुख्य सचिव के लिए राजनीतिक स्तर पर कवायद चालू हो गई है। वर्तमान में मनोज पिंगुआ झारखण्ड के सिमडेगा जिले के रहने वाले हैं। वे केन्द्र शासन में प्रतिनियुक्ति में काम कर चुके है।

समाचार संक्षेप



असल जिंदगी में तू है आशिकी की नूर से बिलकुल अलग हूं: अमनदीप सिद्धू

सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 30 से

- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और अंबिकापुर में बनाए जाएंगे परीक्षा केंद्र

रायपुर, 18 जून। भारतीय सेना द्वारा सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (ष्ठश्वश्च) की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर पंजीकरण करने वाले उम्मीदवारों के लिए यह परीक्षा 30 जून 2025 से 04 जुलाई 2025 एवं 07 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के पांच परीक्षा केंद्रों ङ्क बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर ङ्क में प्रतिदिन तीन शिफ्टों में यह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। भारत सरकार के सूचना पत्र कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अग्निवीर क्लर्क / एस.के.टी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों के लिए दो अलग-अलग प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सभी उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र 16 जून 2025 से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। छत्तीसगढ़ में निर्धारित परीक्षा केंद्र इस प्रकार हैंः बिलासपुर में चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड, लाल खदान और डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी, करगी रोड, कोटा; रायपुर में आईओएन डिजिटल जोन, सरोना; भिलाई (दुर्ग) में पर्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, सिर्सकला; दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बालोद रोड और जगदलपुर में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, धरमपुरा। भारतीय सेना ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और प्रवेश पत्र में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टता के लिए उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप) के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और केवल योग्यता के आधार पर चयन होता है।

सीईओ क्रेडा राजेश सिंह राणा ने किया औचक निरीक्षण

रायपुर, 18 जून। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 'जीरो टॉलरेंस' नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने की जिम्मेदारी क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा निभा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने 17 जून 2025 को रायपुर संभाग के बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा और बिलासपुर जिलों के विभिन्न ग्रामों में सोलर संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया। चित्रसेन साहू मैं वर्ष 2017 से पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय हूं और इस दौरान डिजिटल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विभिन्न संस्थानों के साथ कार्य अनुभव प्राप्त किया है।

सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर समायोजन के लिए ओपन काउंसिलिंग 26 तक

रायपुर, 18 जून। सीधी भर्ती 2023 में चयनित एवं बी.एड. अर्हता के कारण सेवा से हटाये गए सहायक शिक्षकों का शासन के निर्देश अनुसार सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन के लिए ओपन काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू की गई है। शासकीय महाविद्यालय शंकर नगर में आयोजित आज काउंसलिंग के प्रथम दिवस में कुल 301 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें 297 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 04 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि आज 17 जून को आमंत्रित अभ्यर्थियों में 59 अभ्यर्थी दिव्यांग श्रेणी के एवं शेष महिला अभ्यर्थी थे। कल 18 जून को काउंसिलिंग के द्वितीय दिवस में 300 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है। रिक्त पदों की जानकारी के लिए अभ्यर्थी शिक्षा विभाग की वेबसाईट httpÑ//eduportal.cg.nic.in/ का अवलोकन कर सकते है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि काउंसिलिंग की प्रक्रिया 26 जून तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ की जाएगी। नियत तिथि को अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी आगामी दिवसों में काउंसिलिंग में शामिल हो सकते है।

बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब के कारण राजधानी में छाए रहे बादल

- मौसम विभाग के अनुसार उत्तर छत्तीसगढ़ में होगी पर्याप्त वर्षा
- हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान

रायपुर,18 जून। बंगाल की खाड़ी में चक्रिय चक्रवात और कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण उत्तर छत्तीसगढ़ में पर्याप्त वर्षा होगी। जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में कम वर्षा होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है।

राजधानी में आज बादल छाए रहे, जिसके कारण हल्की वर्षा की संभावना है। वहीं कल से मानसून सक्रिय हो जाएगा। डॉ. चन्द्रा मौसम वैज्ञानिक के अनुसार पश्चिम विक्षोप के कारण मानसून सक्रिय नहीं हो पा रहा था, वहीं दंतेवाड़ा के पास रूक गया था, लेकिन पश्चिम बंगाल की खाड़ी चक्रिय चक्रवात के परिसंचरण एवं कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण अब मानसून आगे बढ़ने लगा है। इससे उत्तरी छत्तीसगढ़, बलरामपुर, सूरजपुर, रामानुजगंज में पर्याप्त वर्षा होगी। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ वर्षा कम होगी। डॉ. चन्द्रा के अनुसार रायपुर में कल से मानसून का विस्तार संभावित है। डॉ. चन्द्रा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून उत्तर अरब सागर के कुछ और भाग, गुजरात के कुछ और भाग, विदर्भ के बचे भाग, मध्य प्रदेश के कुछ और भाग, छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्से, उड़ीसा के बचे हुए भाग, झारखंड के कुछ और भाग, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के संपूर्ण हिस्से, उप हिमालयीन हिमालय पश्चिम बंगाल के बचे हुए हिस्से, तथा बिहार के कुछ और भाग में पहुंच गया है। दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा दिशा, इंदौर, पचमढ़ी, मालदा, अंबिकापुर, हजारीबाग, सुपौल है। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिणी पश्चिमी बांग्लादेश और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होने की संभावना है।

महिला एवं बाल केन्द्रित नवीन कानून विषय पर कार्यशाला का आयोजन

रायपुर,18 जून। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल केन्द्रित नवीन कानून विषय पर कार्यशाला का आयोजन माननीय उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ पुलिस एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

सर्वप्रथम कार्यशाला के रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए अपराध अनुसंधान एवं नारकोटिक्स के पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने महिला एवं बाल सुरक्षा की दिशा में छत्तीसगढ़ पुलिस एवं राज्य शासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए नवीन महिला थाना, महिला हेल्पडेस्क, परिवार परामर्श केन्द्र, एन्टी ह्यूमेन ट्रेफिकिंग यूनिट द्वारा किये जा रहे कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया। तत्पश्चात पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवीन कानून में महिला एवं बाल अपराधों को प्राथमिकता दी गई है और इसके लिए एक पृथक से अध्याय बनाया गया है और बहुत ही शुरूआती धाराओं में इस अपराध को रखा गया, जो यह बताता है कि महिला को न्याय दिलाया जाना कितना महत्वपूर्ण है। नवीन कानूनों को प्रभावी तरीके से लागू करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, किन्तु असली चुनौती न्यू क्रिमिनल लॉ को उसके रियल स्प्रिट में पूरी तरह से लागू किया जाना है। साक्ष्य को घटनास्थल से कैसे हम कोर्ट तक पहुंचा पायें इस हेतु हमारे विवेचाधिकारी को पूरे प्रक्रिया की समझ होनी चाहिए, ताकि बचाव पक्ष को कोई अवसर न मिल सके और इस दिशा में यह कार्यशाला बहुत उपयोगी होगी। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख श्री विलियम ने कहा कि यूनिसेफ एवं छत्तीसगढ़ पुलिस बाल संरक्षण की दिशा में काफी लंबे समय कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि समाज में चाईल्ड प्रोटेक्टिव वातवरण निर्मित करने की दिशा में चाईल्ड फ्रेण्डली प्रोसिजर को अपनाये जाने की आवश्यकता है।

एनएसयूआई के नेतृत्व में रविवि पहुंचे विद्यार्थी, ज्ञापन के साथ चेतावनी भी दी

रायपुर, 18 जून। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) में परीक्षा व्यवस्था की भारी लापरवाही को लेकर आज हस्ट्ठ के कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष शान्तनु झा के नेतृत्व में हस्ट्ठ प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सौंपते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन की अकर्मण्यता पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। गौरतलब है कि जेमोलॉजी विषय के छठवें सेमेस्टर के छात्रों को 17 जून की परीक्षा में सेकंड सेमेस्टर का पेपर थमा दिया गया, जिससे छात्रों में भारी आक्रोश फैल गया। एनएसयूआई ने इस गंभीर प्रशासनिक चूक को छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया और आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है जब परीक्षा विभाग द्वारा इस तरह की घोर लापरवाही सामने आई है। छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर घंटों इंतज़ार के बाद यह बताया गया कि पेपर ही गलत है और समस्या का कोई समाधान नहीं दिया गया। इससे उनका समय, ऊर्जा और मनोबल तीनों का नुकसान हुआ। ज्ञापन के दौरान कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस मामले में शीघ्र ही जांच समिति गठित की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही परीक्षा संचालन प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

- अगली चूक पर उग्र आंदोलन तयः शान्तनु झा

द.म. क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर का अहिल्याबाई होलकर पर विशेष आयोजन

रायपुर, 18 जून। संपूर्ण देश में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर विशेष कार्यक्रम किये गये । इसी कड़ी में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की संस्था दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर द्वारा छत्तीसगढ़ में चित्रकला का विशिष्ट आयोजन देखने को मिला । संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव पर दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर की निदेशक श्रीमती आस्था कारलेकर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित 51 चित्रों की एक प्रदर्शनी निर्माण करने की स्वीकृति सहर्ष प्रदान की । इस हेतु संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 18- 19 -20 अप्रैल 2025 को राजधानी रायपुर में एक वृहद चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में बस्तर के कोंडागांव कांकेर , राजनंदगांव ,रायपुर बिलासपुर ,रायगढ़ ,कोरबा , धमतरी आदि स्थानों से चित्रकला के वरिष्ठ , युवा ल उपाधि प्राप्त कलाकारों को आमंत्रित किया गया।

पत्रकार संगठनों ने जताया विरोध

स्वास्थ्य विभाग के आदेश से मीडियाकर्मियों में रोष, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने जताया कड़ा विरोध

प्रेस क्लब ने की निंदा

रायपुर, 18 जून। सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य विभाग का एक आदेश वायरल हो रहा है. इस आदेश में ये कहा गया है कि मेडिकल कॉलेज में मीडियाकर्मियों को कवरेज से पूर्व जनसंपर्क विभाग से अनुमति लेनी होगी. इतना ही नहीं राज्य शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य के किसी भी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में रोगियों की फोटो-वीडियो लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है. आदेश के मुताबिक जब तक रोगी या उसके कानूनी अभिभावक लिखित रूप से सहमति नहीं देंगे, तब तक अनुमति नहीं मिलेगी. जारी आदेश के मुताबिक मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में मीडिया प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल निर्धारित करने का हवाला दिया है, लेकिन इसे गत दिनों राजधानी के मेकाहारा अस्पताल में हुए बाउंसर विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है.

मीडिया के लिए आपतकाल घोषितः बैज

शासकीय अस्पतालों में मीडिया कवरेज के लिए जारी प्रोटोकॉल को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य विभाग का हाल बुरा है. स्वास्थ्य विभाग की पोल खुलने से बचाने के लिए मीडिया पर प्रतिबंध लगाया गया है. अपनी नाकामी छुपाने के लिए सरकार ने मीडिया का अस्पताल में प्रवेश प्रतिबंधित किया है. स्वास्थ्य विभाग ने मीडिया के लिए आपतकाल घोषित कर दिया गया है. हालांकि इस मामले में अब तक राज्य सरकार और न स्वास्थ्य मंत्री की तरफ से कोई अधिकृत बयान सामने आया है.

अब सोशल मीडिया में इस आदेश का विरोध शुरू हो गया है और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने भी इस आदेश को लेकर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने अपने एक्स पर इसे लेकर एक पोस्ट भी किया है. इस मामले में पत्रकारों ने भी आपत्ति जताई है और रायपुर प्रेस क्लब ने भी इस आदेश की निंदा की है.

गोपनीयता और प्रोटोकॉल के नाम पर

- अस्पतालों में मीडिया के प्रवेश पर रोक,
- हर रिपोर्ट के लिए पूर्व लिखित अनुमति अनिवार्य,
- और कवरेज कब, कैसे और कितनी हो, ये भी अब सरकार या अस्पताल प्रशासन तय करेगा।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26